

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 30 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-301 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप



रंजीत हत्याकांड

### पीएफआई से जुड़े 15 लोगों को मौत की सजा

**त्रिवेंद्रम,30 जनवरी।** केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलाप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी विंग के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में अब प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मावेलिक्कारा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश वीजी श्रीदेवी द्वारा मौत की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा था कि वे एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ता थे और जिस क्रूर और शैतानी तरीके से पीड़ित को उसकी मां, शिशु और पत्नी के सामने मार दिया गया था, वह इसे कानून के दुर्लभ से दुर्लभतम अपराध दायरे में लाता है।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा की जीत

**चंडीगढ़,30 जनवरी।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के दखल और काफी विवादों के बाद आज चंडीगढ़ में मेयर पद के लिए चुनाव हुआ. इस चुनाव में कांग्रेस-आप के आठ वोट इनवैलिड हो गए, जिसकी वजह से बीजेपी का उम्मीदवार जीत गया है, जबकि आम आदमी पार्टी-कांग्रेस के प्रत्याशी की हार हुई है. इस चुनाव को इंडिया ब्लॉक का लिटमस टेस्ट माना जा रहा था. ऐसे में पहले ही टेस्ट में इंडिया गठबंधन को हार मिली है. बीजेपी को मेयर चुनाव में 16 वोट मिले हैं, जिसके बाद बीजेपी प्रत्याशी मनोज सोनकर की जीत हो गई. वहीं कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी को सिर्फ12 वोट मिले हैं. दरअसल कांग्रेस के पास 7 वोट थे, जबकि आम आदमी पार्टी के पास 13 वोट थे. इनमें 8 वोट इनवैलिड हो गए हैं.

### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**जशपुर,30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। जहां पिकअप और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें बाईक सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चारपहिया चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक जशपुर जिले के सन्ना थाना इलाके के चंदाडीपा गांव के पास पिकअप और सामने से आ रही बाईक आपस में भीड़ गये। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तो वहीं घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक उसी समय पिकअप को लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल सुचना पाकर सन्ना थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को मौके से हटाया गया।

### इमरान खान व कुरैशी को 10-10 साल की जेल

**करांची,30 जनवरी।** पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व विदेश मंत्री को कोर्ट ने 10-10 साल की सजा सुनाई है. पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय सूचना लीक करने के मामले में दोषी करार दिया गया है. पूर्व पीएम इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई है. पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तगड़ा झटका लगा है. मंगलवार को उन्हें 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई. स्थानीय अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान के अलावा पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी इस केस में इतने ही साल की सजा सुनाई गई है. बता दें कि पाकिस्तान में 8 फरवरी, 2024 को आम चुनाव होने हैं. इमरान खान का दल इस चुनाव में ढेर सारी चुनौतियों के बीच ताल ठोंक रहा है. बता दें कि सायफर केस एक डिप्लोमैटिक डॉक्यूमेंट से जुड़ा मामला है.

# अब मदरसों में औरंगजेब का नहीं राम का होगा पाठ



» वक्फ बोर्ड ने किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली,30 जनवरी।** एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करके मदरसों को आधुनिक बनाने के अपने वादे पर चलते हुए उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने अब घोषणा की है कि उसके मदरसे भगवान राम की कहानी और मूल्यों को भी पढ़ाएंगे। बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स के अनुसार, बोर्ड इस साल मार्च से चार मदरसों में बदलाव लागू करेगा और बाद में इसे अपने अधीन सभी 117 मदरसों तक विस्तारित करेगा। शुरुआत में देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर और नैनीताल से एक-एक मदरसा पाठ्यक्रम लागू करेगा।

शम्स ने कहा कि जिस तरह से पूरा देश अयोध्या में श्री राम के अभिषेक का जश्न मना रहा है, हमने सोचा कि हमें मार्च सत्र से शुरू होने वाले चार आधुनिक मदरसों में श्री राम को पढ़ाना चाहिए। यहां तक ??कि अल्लामा इकबाल (एक प्रसिद्ध कवि और दार्शनिक) का एक उद्धरण भी है जिसमें उन्होंने भगवान राम को 'इमाम-ए-हिंद (भारत के नेता)' के रूप में संदर्भित किया है। भारतीय मुसलमानों को राम का अनुसरण करना चाहिए क्योंकि हम अरब नहीं हैं। हम धर्मांतरित मुसलमान हैं जिन्होंने अपनी पूजा का तरीका बदल दिया है लेकिन हम अपने पूर्वजों को नहीं बदल सकते। श्री राम सबके हैं। राम जैसा पुत्र कौन नहीं चाहता जिसने अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए सब कुछ छोड़ दिया? लक्ष्मण जैसा भाई या सीता जैसी पत्नी कौन नहीं चाहता? एक तरफहमारे पास ये किरदार हैं और दूसरी तरफहमारे पास औरंगजेब जैसे किरदार हैं, जिसने अपने भाई को मार डाला और अपने पिता को जेल में डाल दिया। हम किसी भी कीमत पर औरंगजेब को नहीं सिखाएंगे, बल्कि श्री राम और मोहम्मद साहब को पढ़ाएंगे। यह पुष्टि करते हुए कि चार आधुनिक मदरसे मार्च से काम करना शुरू कर देंगे, शम्स ने कहा कि उत्तराखंड वक्फ बोर्ड फरवरी से पाठ्यक्रम के लिए योग्य शिक्षकों की तलाश शुरू कर देगा। शम्स के मुताबिक, इन मदरसों में किसी भी अन्य आधुनिक स्कूल की तरह ही सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक कक्षाएं चलाई जाएंगी।

**रायपुर, 30 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ राज्य अतिथि गृह पहुना में राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर तखतपुर विधायक श्री धरमजीत सिंह भी उपस्थित थे।



# स्टील फैक्ट्री में भीषण आग

**भिलाई,30 जनवरी।** जामुल थाना क्षेत्र शिवम हाईटेक स्टील प्राइवेट लिमिटेड में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई टाइटेनियम धातु में आग लगने से वो काफी भयावह रूप में भड़की है उसे बुझाने के लिए 6 दमकल गाड़ियां लगी हुई है आग बुझाने का कार्य जारी है मंगलवार सुबह 8.45 बजे के करीब उन्हें सूचना मिली थी कि राजीव नगर स्थित शिवम हाईटेक स्टील में आग लगी है पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो आग काफी भयावह रूप ले चुकी थी तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन करके बुलाया गया आग काफी अधिक होने की वजह से अग्निशमन विभाग दुर्ग और भिलाई स्टील प्लांट व जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट की 6 दमकल गाड़ियों को बुलाया गया है आग क्यों लगी इसका पता नहीं चल पा रहा है पुलिस उसकी जांच कर रही है आग से बड़ा नुकसान बताया जा रहा है। बताया जा राह है कि आग कंपनी के अंदर रखे टाइटेनियम धातु के स्क्रैप में लगी इससे काफी भड़क गई आग से कई करोड़ का नुकसान होना बताया जा रहा है लोहे की मजबूती बढ़ाने का काम करता है टाइटेनियम टाइटेनियम धातु काफी महंगे धातुओं में एक है ये लोहे में मिलाने से उसकी स्ट्रेंथ बढ़ती है यह धातु छत्तीसगढ़ में कुछ ही कंपनिया उपयोग करती है इसे अमेरिका से मंगाया जाता है। शिवम स्टील में भी इस धातु का उपयोग करके लोहा तैयार किया जाता था और भिलाई स्टील प्लांट को सप्लाई किया जाता है टाइटेनियम में लगी आग बुझती है मुश्किल से अग्निशमन विभाग के कमांडेंट नागेंद्र सिंह ने बताया कि शिवम हाइटेक स्टील भिलाई संतोष गुलाटी की कंपनी है यहां लोहे की रोलिंग प्लेट बनाई जाती थी उसमें टाइटेनियम धातु का उपयोग किया जाता था इसी धातु में आग लगने से आग तेजी से भड़की है इस धातु की खासियत यह है कि एक बार यदि इसमें आग लगी तो वो बड़ी मुश्किल से बुझती है आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग की तीन, बीएसपी की एक और जेके लक्ष्मी सीमेंट से एक सहित 6 दमकल को बुलाया गया है आग बुझाने का कार्य जारी है



# 'लापता' हेमंत सोरेन 40 घंटे बाद रांची में दिखे



**रांची,30 जनवरी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को करीब 40 घंटे बाद रांची पहुंच गए हैं. वे अचानक दिल्ली से गायब हो गए थे. प्रवर्तन निदेशालय कथित जमीन धोखाधड़ी केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत से पूछताछ करना चाहती है. ईडी अब तक 10 समन जारी कर चुकी है. चर्चा है कि ईडी, हेमंत की गिरफ्तारी कर सकती है. इसी से बचने के लिए वो कानूनी रास्ते तलाश रहे हैं और अचानक गायब हो गए थे. वहीं, बीजेपी ने इस मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार को घेरना शुरू कर दिया है. यहां तक कि हेमंत के गुमशुदा के पोस्टर शेयर किए हैं और इनाम तक की घोषणा कर दी है. झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि हम मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं. कोई भी व्यक्ति कानून के ऊपर नहीं है. राज्यपाल ने मुख्य सचिव और डीजीपी को भी तलब किया और जानकारी मांगी है. डीजीपी अजय कुमार सिंह, गृह सचिव और मुख्य सचिव मंगलवार को राजभवन पहुंचे. जानकारी के मुताबिक, झारखंड के ताजा घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन सरकार मुश्किलों में है. गठबंधन के सभी विधायकों को रांची में रहने और राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए बुलाया गया है. सत्तारूढ़ गठबंधन को आशंका है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी गिरफ्तार कर सकती है. झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा हैं.

### मुख्यमंत्री बदले जाने की अटकलें

झारखंड मुक्ति मोर्चा को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की आशंका भी सता रही है। बताया जा रहा है कि पार्टी ने इसके लिए प्लान बी तैयार कर लिया है। पिछले दिनों अटकलें तेज थीं कि यदि हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया जाता है तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को कुर्सी सौंप सकते हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया है कि कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाए जाने की योजना के तहत विधायकों को बुलाया गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हेमंत सोरेन जी ने अपने यानि झामुमो और कांग्रेस तथा सहयोगी विधायकों को रांची समान तथा बैग के साथ बुलाया है। सूचना अनुसार कल्पना सोरेन जी को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने सूचना दी है कि ईडी के पूछताछ के डर से वे सड़क मार्ग से रांची पहुंचकर अपने अवतरित होने की घोषणा करेंगे।' झामुमो की अगुआई वाली सरकार के सभी विधायकों को रांची में रहने का आदेश दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,30जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट के समक्ष देशभर से तरह-तरह की याचिकाएं दायर की जाती हैं। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ चुनौती के तौर पर कई याचिकाएं दायर की जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करता है और फैसला सुनाता है। हालाँकि जब इसी तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए आया, तो न्यायाधीशों पर गुस्सा व्यक्त करते हुए गुजरात सरकार और गुजरात उच्च न्यायालय को लताड़ लगाई है। एक कारोबारी को अग्रिम जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उसे पुलिस हिरासत में भेजने के मामले में गुजरात हाई कोर्ट और गुजरात सरकार को नोटिस दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रकार के व्यवहार पर अपनी कड़ी नाराजगी इन शब्दों में व्यक्त की कि इस प्रकार का व्यवहार 'अदालत की घोर अवमानना' है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात में जजों और पुलिस को प्रशिक्षण की जरूरत है। उद्योगपति रजनीकांत शाह को 8 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी थी। हालाँकि, गुजरात की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने शाह को 13 से 16 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। इसके खिलाफ शाह ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाकर्ता को पुलिस हिरासत में भेज देना गलती थी।

## आरंग में बनेगा संग्रहालय : बृजमोहन

■ तरुण छत्तीसगढ़



**रायपुर,30 जनवरी।** दो दिवसीय राजा मोरध्वज महोत्सव आरंग के अवसर पर मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर सांसद सुनील सोनी उपस्थित रहे। आयोजन में सांसद सोनी ने कहा कि विकसित भारत के लिए नई पीढ़ी को अपने इतिहास से अवगत होना चाहिए। युवाओं को राजा मोरध्वज जीवन का नाट्य के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना चाहिए। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आरंग में मिली प्राचीन जैन तीर्थकर की मूर्ति आरंग में ही रहेगी। उन्होंने उत्खनन में में मिलने वाले प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए आरंग में संग्रहालय बनाने के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही राजा मोरध्वज महोत्सव के लिए सालाना 5 लाख की भी घोषणा की। इस महोत्सव में अलग-अलग क्षत्रों में कार्य करने वाले विभूतियों का राजा मोरध्वज अलंकरण से सम्मान किया गया। धरसींवां विधायक और अभिनेता अनुज शर्मा ने विधायक बनने के बाद से अपनी पहली सांस्कृतिक अनुज नाइट की प्रस्तुति दी।आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग की जनता, सर्व समाज को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार जताया।

## धान खरीदी में छग गढ़ने जा रहा नया कीर्तिमान

**रायपुर,30जनवरी।** छत्तीसगढ़ में एक नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद अब तक 133.88 लाख टन धान खरीदी के साथ कीर्तिमान बन चुका है. धान खरीदी के साथ किसानों को हो रहे भुगतान में भी नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है. इस उपलब्धि पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी की गारंटी ने धानवान किसानों को धनवान बनाया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ड्ड पर पोस्ट कर कहा कि मोदी की गारंटी के परिपालन में सरकार 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी कर रही है. राज्य में अब तक बीते साल की तुलना में लगभग 27 लाख मीट्रिक टन अधिक 133.88 लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है. और 140 लाख मीट्रिक टन के पार खरीदी होने की उम्मीद है.बता दें कि बीते साल राज्य में हुई 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का रिकार्ड इस साल पहले ही टूट चुका है. समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभी दो दिन और बाकी है. प्रतिदिन औसतन साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो रही है. धान खरीदी के साथ किसानों को राशि का भुगतान भी किया जा रहा है. चालू विपणन वर्ष में किसानों को धान खरीदी के एवज में 28 हजार 104 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है.

# पुल नहीं बना तो चुनाव का बहिष्कार

**गरियाबंद,30 जनवरी।** आज गरियाबंद में आयोजित जन चौपाल में लगभग 65 ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दिया जिसके बाद जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने समस्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए लोगों को भरोसा दिलाया कि यथासंभव उनकी समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द किया जाएगा. ग्राम पंचायत खरहरी के रावनसिंघी गांव के सैकड़ो लोगों ने आज जन चौपाल में उपस्थित होकर गांव के मुहाने पर स्थिति रपटा पर फुल न बनने को लेकर आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है ।साथ ही उन्होंने अपने ज्ञापन मे कहा है इससे पूर्व विधानसभा में भी पुल न बनने को लेकर चुनाव बहिष्कार की घोषणा की थी किंतु एसडीएम गरियाबंद ने उन्हें समझाते हुए चुनाव के बाद पुल बन जाने का आश्वासन दिया था किंतु यह पुल बन नहीं पाया जिसे लेकर वे काफी परेशान हैं यहां पर अनेक दुर्घटनाएं भी हो चुकी है जिससे लोगों की मौत भी हो चुकी है। इस संबंध में उन्होंने जिलाधीश को ज्ञापन सौते हुए जल्द ही पुल बनाने की मांग की है।इस पर जिलाधीश ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि वह



प्रयास करेंगे कि जल्द पुल स्वीकृत हो जाए.

ग्राम पचायँत खरहरी के रावनसिंगी गांव के सैकड़ो लोग आज गरियाबंद जिला कलेक्टर पहुंचकर जिलाधीश के जन चौपाल में एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि गांव के मुहाने पर एक रपटा है जिस पर वे लंबे समय से पुल बनाने की मांग कर रहे हैं किंतु पुल नहीं बन रहा है जिसके चलते आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बरसात मे लोगों को 5 किलोमीटर घूम करके गरियाबंद जाना आना पड़ता है जिसके चलते जहां मरीजों को गरियाबंद ले जाने में, बच्चों को पढ़ने के लिए गरियाबंद जाने में, जन समस्याओं को लेकर विभिन्न शासकीय कार्यालय में आने जाने व अन्य आवश्यक कार्यों के चलते गरियाबन्द आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इन स्थितियों को देखते हुए बीते 10 सालों से वे पुल बनाने की मांग कर रहे हैं किंतु पुल नहीं बन पा रहा है इस विषय को लेकर उन्होंने पूर्व विधानसभा चुनाव में चुनाव बहिष्कार की घोषणा कर प्रदर्शन भी किया था इसके बाद गरियाबंद एसडीएम ने उन्हें बुलवाकर उनसे चर्चा कर उन्होंने अस्वस्थ किया था कि चुनाव के बाद जल्द से जल्द पुल बन जाएगा आप लोग निश्चिंत रहें ।

## भारतीय नौ सेना ने 19 पाकिस्तानियों को छुड़ाया



**नई दिल्ली,30 जनवरी।** अरब सागर में भारतीय नौसेना का दबदबा देखा जा सकता है। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमवार को अदन की खाड़ी में सोमाली समुद्री लुटेरों को अच्छा जवाब दिया और 19 पाकिस्तानी नागरिकों को ले जा रहे एक ईरानी जहाज को बचा लिया। इन लोगों ने मछुआरों के जहाज का अपहरण कर लिया था। रविवार को जहाज से एक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुई थी। इसके बाद युद्धपोत ने समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाया और बड़ी सफलता हासिल की। भारतीय नौसेना के मुताबिक हमारे युद्धपोत ने अपहरण की कोशिश को नाकाम कर दिया है। 19 पाकिस्तानी नागरिकों को ले जा रहे एक जहाज को कोच्चि के तट से बचाया गया है। 28 जनवरी को एक ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज के अपहरण की सूचना मिली थी। तब भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने मोर्चा संभाला। सोमालिया के पूर्वी तट पर 19 पाकिस्तानी नागरिकों को ले जा रहे एक जहाज को सोमाली समुद्री लुटेरों ने बचा लिया। भारतीय नौसेना ने 24 घंटे के अंदर अरब सागर में अपहरण की दो बड़ी कोशिशों को नाकाम कर दिया है। 28-29 जनवरी को समुद्री लुटेरों ने जहाज को हाईजैक करने की कोशिश की थी। हाल ही में भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में तीन युद्धपोत भेजे हैं।

केंद्रीय बजट 2024-25, खेलकूद के लिए नियमों में व्यापक संशोधन होना चाहिए

jasclaudius@gmail.com

# खिलाड़ियों के लिए और अधिक धन राशि का आबंटन जरूरी

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 से लेकर अब तक पिछले लगभग दस वर्षों के कार्यकाल में जिस तरह भारत में खेलकूद के क्षेत्र में सफलता मिली उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम ही है। हमारे देश में समस्याओं की कोई कमी नहीं है। देश की सुरक्षा, सड़क के निर्माण, पेयजल, आवास, विज्ञान, खाद्यान्न, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, संचार आदि क्षेत्रों में समस्याओं का अंबार है। आजादी मिलने के उपरांत इस दिशा में बहुत कोशिश हुई। शून्य से उपर उठे और अब तक विकास का लंबा सफर तय कर लिया है। हमारे देश में जनसंख्या वृद्धि भी एक गंभीर समस्या है जिसकी वजह से केंद्र या राज्य की नीतियां दब कर रह जाती है। हमारे देश में 2014 के बाद बाद से खेल व खिलाड़ी संबंधी योजनाओं में क्रांतिकारी कदम उठाये गये हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी छाप छोड़नी शुरू की है। भारत को खेलों की दुनिया में विश्व गुरु बनाने के प्रधानमंत्री की कल्पना को साकार करने के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता है। 2014 से अब तक केंद्रीय खेल विभाग के बजट में लगभग तीन गुना से अधिक राशि की बढ़ोतरी की जा चुकी है। 2029 में यूथ ओलंपिक और 2036 में हमारे देश में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के आयोजन की संभावना को देखते हुए बड़ी धन राशि की जरूरत होगी।

अतः केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के समक्ष खेलकूद के लिए बड़ी राशि की आपूर्ति करना एक प्रश्न बनकर खड़ा है। इसके लिए कई तरह के सुझाव हैं जिनमें प्रमुखतः 25 करोड़ से अधिक आयकर देने वाले व्यक्ति या संस्थाओं के देय आयकर में कम से कम 5 प्रतिशत टैक्स को खेल विभाग को स्थानांतरित करना चाहिए। इसके अलावा डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) की राशि में अब विकास, स्वास्थ्य व शिक्षा के साथ खेलकूद को भी जोड़ा जाना उचित होगा। जमीनी स्तर से खिलाड़ियों के चयन, खोज के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम काफी कारगर सिद्ध हो रहा है। इसकी वजह से सिर्फ केंद्रीय खेल विभाग में 2014 के 700 करोड़ के मुकाबले 2023-24 में लगभग 2300 करोड़ रुपये की राशि का आबंटन किया गया है। परंतु जिस तरह 26 ओलंपिक खेलों पर केंद्रित रणनीति बनाई गई है उससे खिलाड़ियों के स्तर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए और अधिक आर्थिक मदद की आवश्यकता होगी। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को गहन प्रशिक्षण, उचित आवास, खानपान, अत्याधुनिक खेल सामग्री और उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों की जरूरत होगी तभी भारतीय प्रतिभागी अन्य देशों के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को टक्कर दे सकेंगे। नये प्रशिक्षक तैयार करना एक गंभीर विषय है। साथ ही सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान या एरिना, स्टेडियम के निर्माण में करोड़ों खर्च होंगे। केंद्र सरकार चाहे तो 28 ओलंपिक कोर गेम्स में किसी एक को किसी एक संस्था/व्यक्ति को सौंप सकता है जिन्हें आयकर में कुछ छूट के साथ सेवा करने का अवसर दिया जा सकेगा।

## 103 साल के स्वतंत्रता सेनानी ने 49 साल की महिला से की शादी

**भोपाल,30 जनवरी।** 103 साल के एक स्वतंत्रता सेनानी ने 49 साल की महिला से शादी कर सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। हबीब नज़र की शादी फ़िरोज़ जहाँ से भोपाल के इतवारा क्षेत्र में हुई। ये नज़र की तीसरी शादी है। 103 साल के बुजुर्ग ने रचाई शादी ! नज़र ने तीसरी बार शादी करने का फैसला किया क्योंकि उनकी दूसरी पत्नी के निधन के बाद उन्हें अकेलापन महसूस हो रहा था। 54 साल की उम्र के अंतर वाले इस जोड़े ने पिछले साल शादी की थी। हालांकि, उनकी शादी ने लोगों का ध्यान तब खींचा जब हाल ही में उनके निकाह समारोह के बाद नज़र और जहान का ऑटो-रिक्शा में घर लौटने का एक वीडियो वायरल हुआ। पहली पत्नी के निधन के बाद उन्होंने लखनऊ में दूसरी शादी की। नज़र ने कहा कि मैं 103 साल का



हूं और मेरी पत्नी 49 साल की है। मेरी पहली शादी नासिक में हुई थी। उनके निधन के बाद मैं दोबारा शादी के बंधन में बंधने के लिए लखनऊ गया। मेरी दूसरी पत्नी भी परलोक चली गयी। मुझे अकेलापन महसूस हो रहा था। इसलिए मैंने दोबारा शादी की।

## एक नजर

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र तिरंगा चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक्टिवा सवार को अपनी चपेट में ले लिया इस हादसे में एक्टिवा के पीछे बैठी महिला की मौत हो गई वहीं मृतका की सहेली को मामूल चोट आई है पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी वंदना पति रोशन देवांगन (36 वर्ष ) अपनी सहेली से मिलने तिंरगा चौक छावनी गई हुई थी सहेली को छावनी चौक छोड़कर वापस घर लौटने वाली थी कि इसी बीच पीछे से अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दी इस घटना में वंदना की मौत हो गई शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरच्युरी में भेजा गया वहीं उसकी सहेली आराधना को मामूली चोट आई है मृतका के तीन बच्चे हैं फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है लगातार हो रहे सड़क हादसे शहर में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। कम होने की जगह बढ़ रहे हैं पिछले 28 दिनों में सड़क हादसे में करीब 15 लोगों की जान चली गई सभी मामलों में लापरवाही पूर्व वाहन चलाने की बात सामने आई है ।

### जुआ खेलते 5 लोग पकड़ाए



**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने छग जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है क्राइम एएसपी डॉ. अनुराग झा ने बताया कि एसीसीयू और नंदिनी पुलिस टीम ने ग्राम अरसनारा तालाब के पास दबिश दी जहां पर गणेश बेकारी के पास न्यू खुर्सीपार निवासी दीपक मंडल, करंजा भिलाई चौकी जेवरा सिरसा भूपेन्द्र साहू, कोहका कुरूद ताजू शेख, जोन 3 खुर्सीपार बृजेश अवस्थी, कैलाश नगर जामुल रामा बघेल को जुआ खेलते पकड़ा गया जुआरियों के पास से पुलिस ने 45 हजार 850 रुपए और ताश पत्ती, मोबाइल भी बरामद किया। यहां पर जुआ खेलने की शिकायती लंबे समय से मिल रही थी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने टीम बनायी और दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया।

### चाकू से हमला, 4 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले 4 आरोपियों को चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया। आम जगह पर गाली गलौज करने से रोकने पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था। आरोपियो के कब्जे से धारदार हथियार चाकू एवं डण्डा पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि गौतम नगर निवासी भरत गिरी गोस्वामी के घर के पास बने चबूतरा में बैठकर आरोपी युवक आपस में गाली गलौज कर रहे थे जिसे देख भरत के विरोध करने पर राजीव नगर सुपेला निवासी भोला उर्फ हरिकेश चौहान, अंकेश चौहान, सचिन सोनकर उर्फ चिन्ना, संजीव चैहान ने पहले जान से मारने की धमकी देकर भारत के पेट में चाकू से वार कर फरार हो गए घटना के समय पीड़ित के बहन की बर्थ डे पार्टी चल रहा था तभी आरोपियों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए इसमें कई लोग घायल हो गए हैं। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए जुटी रही।

### दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मास्टर ट्रेनर ने सौजन्य मुलाकात की



**भिलाई, 30 जनवरी।** पार्षद धर्मेन्द्र भगत , छत्तीसगढ़ योग आयोग की मास्टर ट्रेनर श्रीमती प्राची भट्टाचार्य , श्रीमती कुसुम आदिल , श्रीमती प्रतिमा रॉय ने नवनिर्वाचित विधायक ललित चंद्राकर को गुलदस्ता भेंटकर सौजन्य मुलाकात की ।

### ब्रांड एंबेसेडर डॉ पाणिग्राही को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सम्मानित किया

**दुर्ग, 30जनवरी।** समाजसेवा ,पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता के क्षेत्र में एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप जाने जानेवाले डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कर कमलों से सम्मानित हुए । डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही नगरपालिका निगम दुर्ग के स्वच्छ सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसेडर हैं। स्वच्छता के नवाचारी कार्यक्रमों के साथ दुर्ग में सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो अभियान के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं । सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो अभियान के लिए डॉ पाणिग्राही ने एक विशेष नारा दिया ÷ अपने घर से थैला लेकर बाजार चलो ,सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो । इस नारे का अच्छा प्रतिसाद मिला है ।

लोग घर से थैला लेकर आने लगे हैं ।डॉ पाणिग्राही ने अपनी एक्टिवा दोपहिया वाहन को भी सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो नारे से पेंट कर स्वयं की वेशभूषा भी उसी अनुरूप बनाकर जागरूकता के लिए निकलते हैं जो आकर्षण का केंद्र बनाता है। गणतंत्र दिवस पर सम्मान मिलने पर प्रसन्नता का अनुभव करते हुए उन्होंने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी , संभाग कमिश्नर सत्यनारायण राठौड़, एस एस पी रामगोपाल गर्ग ,दुर्ग नगर निगम कमिश्नर लोकेश चंद्राकर, व्यक्त किया है।

# ब्लाक के 157 स्कूलों के बच्चों ने पीएम की परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण देखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 30 जनवरी।** प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा 2024 का लाईव प्रसारण दूरदर्शन राष्टीय चैनल, दूरदर्शन न्यूज़ चैनल पर प्रातः, 11 बजे से प्रसारित किया गया.कक्षा 6 वी से 12 वी तक के सभी बच्चो, शिक्षकों एवम पालको को इस लाइव प्रसारण देखने को मिला और परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने के उपाय प्रधान मन्त्री द्वारा छात्र छात्रों को प्रोत्साहित किया गया. पाटन विकासखण्ड के सभी 57 हाई एवम हायर सेकेंड्री एवम 100 उच्च प्राथमिक शालाओ के बच्चो, पालको एवम शिक्षकों ने लाइव प्रसारण देखा। माननीय प्रधान मन्त्री जी का लाइव प्रसारण को सभी स्कूलों के बच्चो, पालको एवम शिक्षकों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले ने सभी संस्था प्रमुखों से अपील करते हुए अनिवार्य रूप से लाइव प्रसारण देखने की अपील की थी। शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पाटन में भी प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण देखा जहा शिक्षकों, पालको के साथ साथ जन प्रतिनिधियों ने भी लाइव प्रसारण देखा जिसमे मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चन्द्राकर, मेंहत्तर वर्मा, निक्की भाले,लोकमनी चन्द्राकर ,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दीपक कुमार निकुंज, विकासखंड शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले, संस्था के प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।बच्चों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्या हर्षा चन्द्राकर ने कहा की परीक्षा की तैयारी पूरे मन से करे ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करे। एस डी एम दीपक कुमार निकुंज ने प्रश्न पत्रों को हल करने की कोशिश कर शिक्षकों से मार्गदर्शन लेने की बात कही।माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा परीक्षा पे चर्चा 2024 का लाईव प्रसारण दूरदर्शन राष्टीय चैनल, दूरदर्शन न्यूज़ चैनल पर प्रातः, 11 बजे से प्रसारित किया गया.कक्षा 6 वी से 12 वी तक के सभी बच्चो, शिक्षकों एवम पालको को इस लाइव प्रसारण देखने को मिला और परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने के उपाय माननीय प्रधान मन्त्री द्वारा छात्र छात्रों को प्रोत्साहित किया गया. पाटन विकासखण्ड के सभी 57 हाई एवम हायर सेकेंड्री एवम 100 उच्च प्राथमिक शालाओ के बच्चो, पालको एवम शिक्षकों ने लाइव प्रसारण देखा।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में भी परीक्षा पे चर्चा का हुआ प्रसारण





**कवर्धा, 30 जनवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्री मोदी आज दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम से बोर्ड परीक्षा 2024 से पहले देशभर के विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के लिए परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत कर मार्गदर्शन प्रदान कर रहे है। कबीरधाम जिले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी जी के संवाद का सीधा प्रसारण को विद्यार्थियों द्वारा श्रावण किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला शिक्षक अधिकारी और शिक्षक, विद्यार्थी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्री मोदी जी का संवाद का श्रवण कर रहे हैं।

### विधायक देवेंद्र यादव की सुपारी मामले में एसपी को लिखित शिकायत

भिलाई, 30 जनवरी। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र



यादव को इंस्टाग्राम में अंकित नामक युवक ने मैसेज कर बताया कि शुभम नामक युवक उनके नाम की हत्या की सुपारी उसे देना चाहता है। वह काफी डर गया है। उसने इस मामले की जानकारी उन्हें इंस्टाग्राम में वॉइस मैसेज के रूप में दी। इंस्टाग्राम में उसने वॉइस मैसेज में बताया कि वह पावर हाउस स्टेशन में शुभम से मिला। शुभम ने उसे रु.500 भी दिए। वहां की पुलिस वालों को भी दारू की बोतल दी और उन्होंने और शुभम ने अंकित से कहा कि रु.200000 ले लो और और देवेंद्र यादव की फोटो दिखाकर उसकी हत्या करने की बात कही । सारी बातों के दस्तावेज एवं वॉइस रिकॉर्डिंग एसपी कार्यालय में दे दी गई है एवं आगे की कार्रवाई के लिए निवेदन किया गया है। आपत्तिजनक वीडियो के मामले में भी एफआईआर के लिए आवेदन किया गया। चुनाव के वक्त विधायक देवेंद्र यादव के नाम से आपत्तिजनक वीडियो वायरल किया जा रहा था इस मामले में पहले भी शिकायत हो चुकी है उसकी फोरेंसिक रिपोर्ट भी आ चुकी है।

### हिंदी हमारे हृदय की भाषा है: पवन कुमार



भिलाई, 30 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 143 वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक 29 जनवरी को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी को हमारे संविधान में राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, हिंदी हमारे हृदय की भाषा है। अतः हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं, वरन यह हमारे देश की प्रमुख, सर्वप्रिय एवं राष्ट्व्यापी भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी में कार्यव्यवहार करना ना केवल हमारा राष्टीय कर्तव्य है, वरन यह हमारे संयंत्र के समग्र निष्पादन में भी अत्यंत सहायक है। हमारा हर कार्मिक चाहे अधिकारी हो अथवा कर्मचारी हिंदी समझता है7 हिंदी में कार्य करने से आत्मीयता बढ़ती है और अपनेपन की भावना आती है। अतः हमें अपना संपूर्ण वार्तालाप और सभी कार्य हिंदी में ही करना चाहिए। पवन कुमार ने राजभाषा विभाग की वार्षिक कार्य योजना का विमोचन किया। उन्होंने राजभाषा विभाग की गृह पत्रिका भिलाई भाषा भारती के मेरी माटीङ्कमेरा देश विशेषांक का भी विमोचन किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र यादव सपकाले ने कहा कि हिंदी में कार्य करने से गौरव की अनुभूति होती है। वरिष्ठ प्रबंधक शैलेन्द्र ढोके ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया।

# धनोरा में श्रीराम कथा एवं मारुति यज्ञ की तैयारी शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 30 जनवरी।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर हर साल होने वाले माघी मेला मंड़ाई के अवसर पर इस साल भी महावीर उद्यान पर श्री राम कथा एवं मारुति यज्ञ का आयोजन 16 फरवरी से 24 फरवरी तक किया गया है कथा वाचक श्री बालव्यास तिलेन्द्र महराज जी के द्वारा रामकथा का रसपान कराए गे सुबह 8 बजे से 11 बजे तक मारुति यज्ञ एवं दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा एवं हर रोज रात्रि में छतिसगढ के अलग-अलग विधा का आयोजन रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक बांस गीत जस गीत झांकी नाचा गम्मत रामायण जगराता हरिकीरतन एवं 24 फरवरी को माघी पूर्णिमा मेला मंड़ाई एवं रात्रि में छतिसगढही सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर महादेव हिरवानी कृत की प्रस्तुति होगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी विनोद कुमार साहू गुलाब साहू राजु यादव मनसुखा साहू गज्जू रायपुरिया बबलू साहू योगेश कुमार मनोज कुमार पटेल एमलाल देवांगन ओमकार साहू रुपलाल टेलर मारियल साहू गुमान कल्याण देवांगन डॉ धनेशवर साहू प्रमोद सेन संदीप सेन सुंदर सपरे कुंभकरण पटेल बाबुलाल साहू जीवराखन ठेकेदार कुंज लाल साहू चन्द्र कांत देवांगन हेमंत तेली तोमन गजपाल नोहर साहू दिनेश यादव योगेश साहू मुनना गंधर्व दिनेश साहू उमेश साहू सुनील कहार चीन्टू साहू भोलू साहू झबबू साहू सुखीराम साहू शिव चरण श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव हितेश पटेल सुनीता साहू नीरा साहू लक्ष्मी साहू दुर्गा साहू देवकी साहू अंजू देवांगन टीकेशवरी साहू संगीता सपरे देवश्री साहू रेखा बाई पटेल दशरी बाई पटेल ललीता यादव श्रीमती प्रभा साहू पार्वती मंडलिन रुखमनी साहू कु डिम्पल कु सुरुचि छोटी कु नेहा पप्पू कु पुजा कु वेदु कु विननी साहू श्रीमती कौशिलिया बाई सेन आदि भकत गन बड़ी संख्या में अपनी सेवाएं दे रही है यह जानकारी दरबार प्रति निधि श्री कुंजलाल साहू जी एवं चन्द्र कांत कोसरे जी ने दी

# सीआईएसएफ की महानिदेशक ने किया इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का उद्घाटन





भिलाई, 30 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थापित एकीकृत पेरीमीटर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन 29 जनवरी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक श्रीमती नीना सिंह द्वारा संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक (मध्य खंड, सीआईएसएफ) संजय प्रकाश, उपमहानिरीक्षक (सीआईएसएफ) श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट अभिजीत कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, महाप्रबंधक रविशंकर, महाप्रबंधक एम पी सिंह एवं सीआईएसएफ के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। श्रीमती नीना सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने इस तरह की सुरक्षा प्रणाली अब तक एयरपोर्ट में देखा है। सीआईएसएफ तकनीकों के साथ कार्य करने वाली सुरक्षा बल है। इस परियोजना के कार्यान्वयन से निश्चित ही हमें बहुत लाभ प्राप्त होगा। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा, वास्तव में इतना विशाल संयंत्र परिसर होने के कारण सभी अनाधिकृत प्रवेश व गतिविधियों को रोकना व्यावहारिक रूप से एक कठिन कार्य है। ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी को शामिल करना शायद सबसे अच्छा तरीका है। कार्यक्रम में उपमहानिरीक्षक श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा उप कमांडेंट (सीआईएसएफ) सुश्री निधि सिंह ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की विस्तृत एवं तकनीकी जानकारी प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन सीआईएसएफ

# संतोष दीदी ने भारत की दैवीय भूमि की महिमा बताई



**भिलाई, 30 जनवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थित पीस ऑडिटोरियम में सोवियत रूस से आई ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी ने भारत दैवीय भूमि की महिमा के बारे में बताते हुए कहा की भारत आदि सनातन धर्म विश्व का मानचित्र था, वही ईश्वर का कुटुंब था भारत ही विश्व था। रूस में राजयोग सीखने के बाद सब की भावना बदल जाती है, वह भी स्वयं को कहते हैं कि हम भी भारतवासी हैं। आपने सत्यम शिवम सुंदरम का अर्थ बताते हुए कहा कि भारत में इसका गायन है लेकिन राजयोग के माध्यम से इसे हमने जिया है, जाना है परमात्मा को। स्नेह की मन की तार जो परमधाम में परमात्मा तक पहुंचे, अनुभव करें परमात्मा से हसीन कोई नहीं है। डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें रूस के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना जो कि वर्तमान में पूरे विश्व को पटरियों के माध्यम से जोड़ने का कार्य कर रहा है, साथ ही साथ भिलाई मिनी इंडिया दिलों को जोड़ने का भी कार्य कर रहा है। जोन की निदेशिका हेमलता दीदी तथा भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी का स्वागत किया।




### डिप्टी सीएम ने बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री से कथा स्थल पर आशीर्वाद लिया

**कवर्धा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** कवर्धा में बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री द्वारा श्री हनुमान कथा का वाचन किया जा रहा है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और साजा विधायक ईश्वर साहू पं. धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लेने कथा स्थल पहुंचे। उपमुख्यमंत्री सहित सभी ने देश एवं प्रदेश की जनता के लिए भी आशीर्वाद लिया। इस अवसर आयोजक मुकेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि गण तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे। बागेश्वर धाम के दिव्य दरबार में शामिल होने तथा कथा श्रवण के लिए लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंच रहे है।



### पुलिस चौकी पोड़ी में शान से लहराया तिरंगा

**कवर्धा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** पुलिस चौकी पोड़ी में प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने तिरंगा ध्वजारोहण किया और ध्वजारोहण कार्यक्रम में रामकुमार चंद्रवंशी , बलदाऊ चंद्रवंशी , लवकुश खरे , मनहरण , रामझुल धुर्वे , शेलेंड्र , सोमेंद्र शर्मा , जीवन पटेल , वसीम राजा कुरेशी , ओम प्रकाश साहू , सतखोजन लहरे , रमेंद्र चंद्रवंशी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । पुलिस स्टाफ ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और मिठाई वितरित कर और मिठाई खाकर धूमधाम से गणतंत्र पर्व मनाया गया ।




### सखी वन सेंटर में निकिता ने फहराया तिरंगा

**कवर्धा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** सखी वन सेंटर में संरक्षण अधिकारी नितिका डडसेना(नवाबिहान) ने तिरंगा ध्वजारोहण किया। विभा बख्शी केंद्रप्रशाशक सखी वन स्टॉप सेंटर ,सरिता साहु परामर्शदाता,केस वर्कर कविता राजपूत ,मधु भट्ट,बहुउद्देशीय सविता तिवारी,डालेश्वरी साहू,ओमीन यादव,पुष्पा राडोर उपस्थित रहे ।





### श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में हुआ परीक्षा पे चर्चा का आयोजन

**कवर्धा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के ''परीक्षा पे चर्चा'' का सफ्ल आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत् कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी तकनीकी माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री से जुड़े रहे। आयोजन के दौरान अलग-अलग स्थानों के विद्यार्थी अपनी समस्या व संदेश को प्रधानमंत्री जी के समक्ष रखने और प्रधानमंत्री जी बड़ी सहजता से बच्चों के समस्याओं का समाधान कर उनको तनाव मुक्त रहने का मंत्र दिया। चर्चा के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी ने बताया कि परीक्षा की चिंता करने के बजाय परीक्षा योद्धा बने, ज्यादा से ज्यादा अभ्यास करें, योग करें और साथ ही साथ भरपूर नींद लेने की बात भी कहीं। इस आयोजन में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा, विद्यालय के निदेशक आदित्य चन्द्रवंशी सर एवं अभिभावक और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस




**भिलाई, 30 जनवरी।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में 75वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में राष्टीय ध्वज फहराया तथा तिरंगे को सलामी दी। तत्पश्चात स्कूल की गायक मंडली द्वारा राष्टगान गाया गया। अपने सम्बोधन में प्रिंसिपल प्रियंका शुक्ला ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राष्ट और शहीदों के प्रति कृतज्ञता का भाव हममें सदैव जागृत रहना चाहिए। छात्र-छात्रों ने देशभक्ति गीतों और सुंदर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से अपने राष्ट के प्रति प्यार और स्नेह व्यक्त किया।

**एक नजर**

### पार्षद ने सफाई का निरीक्षण किया

**रायपुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** पार्षद श्री मृत्युंजय दुबे ने वार्ड 42 की सफाई व्यवस्था का जोन 5 जोन कमिश्नर सहित निरीक्षण किया, ठेकेदार से उपस्थिति की गिनती करवाई, 12 सफाई कामगार अनुपस्थित मिलने पर जोन कमिश्नर ने सफाई ठेकेदार पर 10000 रूपये अर्थदंड लगाया ।

रायपुर- आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 के अन्तर्गत आने वाले पण्डित सुन्दरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण वार्ड पार्षद श्री मृत्युंजय दुबे ने नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री सुशील कुमार चौधरी के साथ मिलकर किया. सफाई व्यवस्था का अभाव वार्ड क्रमांक 42 में निरीक्षण के दौरान मिलने पर पार्षद श्री मृत्युंजय दुबे ने वार्ड के अनुबंधित सफाई ठेकेदार महेश सोनी से उपस्थित सफाई कामगारों की गिनती करवाई. इस दौरान वार्ड 42 हेतु निर्धारित 45 सफाई कामगारों के स्थान पर 33 सफाई कामगार कार्य पर उपस्थित एवं 12 सफाई कामगार कार्य पर अनुपस्थित मिले. इसे लेकर वार्ड पार्षद ने अप्रसन्नता व्यक्त की. पार्षद श्री मृत्युंजय दुबे ने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर कदापि समझौता नहीं किया जायेगा. नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री सुशील कुमार चौधरी ने इसे लेकर वार्ड 42 के अनुबंधित सफाई ठेकेदार महेश सोनी को भविष्य के लिये नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए नोटिस जारी कर उन पर 10000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया है ।

### अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने चौथी टीम के लिए की 21 हजार रुपए पुरस्कार की घोषणा

**राजनांदगांव ,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे ने चौथा स्थान प्राप्त करने वाली टीम के लिए 21 हजार रूपए के ईनाम राशि घोषित की है। ये घोषणा उन्होंने महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के 80वें आयोजन के उद्घाटन समारोह में मंच से किया। उन्होंने कहा कि हॉकी की नर्सरी को जितना दूं वह कम है। इस शहर के मैदान में मुझे हुनर मिला और मुझे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टीम में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। अब से देश में यह पहली प्रतियोगिता होगी जहां चौथा स्थान पाने वाली टीम को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष चौथे स्थान पर आने वाली टीम को पुरस्कार देंगे। गौरतलब है कि महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन का यह 80वां वर्ष है। यह टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित हो रहा है।

जिसमें देश की 24 दिग्गज टीमें शामिल हो रहीं हैं। 29 जनवरी को इस प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। यहां मंच पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे भी मौजूद रहे। उनके द्वारा पुरस्कार की घोषणा किए जाने पर हॉकी एसोसिएशन के पदाधिकारी सदस्यों, वरिष्ठ खिलाड़ियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही खिलाड़ियों और मौजूद लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# परिवर्तन के तहत एचडीएफसी बैंक ने बस्तर में किया स्वच्छ केंद्र का उद्घाटन

**रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक एचडीएफसी बैंक, अपने फ्लैगशिप सीएसआर प्रोग्राम 'परिवर्तन' के तहत, छत्तीसगढ़ के बस्तर में स्वच्छ सेंटर का उद्घाटन किया है। बैंक ने ÷रूरल एंड अर्बन लैंडस्केप फ्री ऑफ ड्राई एंड प्लास्टिक वेस्ट÷ प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए जिला पंचायत बस्तर और वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज के साथ साझेदारी की है। इस प्रोजेक्ट का इंप्लीमेंटिंग पार्टनर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक सेंटर फॉर एनवायरमेंटल एजुकेशन - अ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होगा। स्वच्छ सेंटर की स्थापना - मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और मटेरियल रीसाइक्लिंग सेंटर (एमआरसी) प्रोजेक्ट का एक अभिन्न तत्व हैं। बस्तर में एक बड़ी आदिवासी आबादी रहती है जो अपनी आजीविका के लिए प्राकृतिक पर्यावरण पर बहुत अधिक निर्भर करती है। प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन को लागू करने के




पीछे का विचार बस्तर के निवासियों के स्वास्थ्य और उनके पारंपरिक जीवनशैली की रक्षा करना था। पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और क्षेत्र के आर्थिक कल्याण की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है। उद्घाटन पर एचडीएफसी बैंक के सीएसआर हेड सुश्री नुसरत पठान ने कहा, ÷एचडीएफसी बैंक परिवर्तन अपने विभिन्न प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण और ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर और उसके निवासियों के लिए एक सस्टेनेबल भविष्य के लिए प्रॉपर वेस्ट कलेक्शन, सेग्रेशन, ट्रीटमेंट और डिस्पोजल सिस्टम में निवेश करना महत्वपूर्ण है। हम मिलकर बस्तर और उसके बाहर सभी के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बना सकते हैं। हमें विश्वास है कि इस मॉडल को पूरे देश के दूसरे गांवों में भी बढ़ाया और दोहराया जा सकता है, जिससे ग्रामीण भारत के लिए एक अधिक सस्टेनेबल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। एक मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी कचरे को छांटने की प्रक्रिया को मैक्सिमल रिसोर्स रिकवरी के लिए अनुकूलित करती है, साथ ही मिश्रित कचरे के ढेर से अधिक से अधिक वैल्यू निकालने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करती है, जोकि सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट प्रैक्टिस को बढ़ावा देती है। एक मटेरियल रीसाइक्लिंग सेंटर कचरे को काटने-छांटने की आधुनिक प्रक्रियाओं का इस्तेमाल कर वैल्यूएबल रिसोर्सेज में बदल देता है, जिससे लैंडफिल कचरे को कम किया जाता है और एक सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा मिलता है, और इको फ्रेंडली मटेरियल्स का पुन- उपयोग होता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय; उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, श्री विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधान सभा सदस्य, बस्तर एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ श्री किरण देव और छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन सहित अन्य लोग उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार के गलत निर्णयों ने जनता को महंगाई और अराजकता की ओर धकेला : राहुल तिवारी




**छुरिया,30 जनवरी**

ज्ञात हो कि थाना छुरिया के मर्ग क्रमांक-41/2023 धारा 174 जा.फौ. के मृतिका मंजूबाई सेवता पति गौकरण सेवता उम्र 28 साल निवासी ग्राम मगरधोखरा थाना छुरिया जिला राजनांदगांव द्वारा दिनांक 24.05.2023 को स्वयं के उपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव में भर्ती हुई थी जिसका उपचार के दौरान फौत हो गया था। मेडिकल कॉलेज से जीरो में मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना छुरिया में असल नंबरी कर मर्ग जांच में लिया गया था। मर्ग जांच पर पाया गया कि मृतिका के पति गौकरण सेवता, जेठ कमलेश सेवता एवं सास श्रीमती नैनबाई तीनो मिलकर मृतिका को आये दिन ताना मारते थे कि शादी को हुए 06 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक तुम्हारा कोई संतान नहीं हुआ है तुम बांझ हो कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे एवं पति गौकरण सेवता द्वारा शराब पीकर मारपीट करता था जिससे पीड़िता अत्यधिक प्रताड़ित थी जिस कारण घटना दिनांक को मृतिका द्वारा स्वयं के उपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर आत्महत्या करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध दिनांक 24.01.2024 को थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 17/2024 धारा 306, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के निर्देशन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में दिनांक 29.01.2024 को आरोपीगणों के निवास स्थान ग्राम मगरधोखरा पुलिस टीम रवाना कर तीनों आरोपियों को थाना लाकर विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है माननीय न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शिव चन्द्रा, सउनि मेघनाथ सिन्हा, आर. 1569 भुनेष्वर वर्मा, म.आर. 934 कुसुम एक्का की सराहनीय भूमिका रही।

## रोमांचक मुकाबले में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर टीम को 3–2 गोल से हराया

**राजनांदगांव ,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** मेजबान जिला हॉकी संघ को आज मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई इटावा के हाथों 3 के मुकाबले 6 गोल से पराजित होकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में ही प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। एक अन्य मैच में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर हॉकी उड़ीसा को रोमांचक मुकाबले में 3-2 गोल से पराजित किया।

दिग्विजय स्टेडियम समिति एवं आयोजन समिति के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज से प्रारम्भ हुई 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच एकतरफा रहा। जिसमें मेजबान हॉकी राजनांदगांव को मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई इटावा के हाथों 3 गोल के मुकाबले 6 गोल से पराजय का सामना करना पड़ा। मैच के प्रारंभ के पहले क्वाटर में 10वें मिनट में सैफई के कप्तान इरफान मोहम्मद ने गोल कर 1-0 से बढ़त बना ली। लेकिन 15वें मिनट में राजनांदगांव के प्रांजल यादव ने गोल कर स्थिति 1-1 गोल पर ला दी। इसके बाद दुसरे क्वाटर में राजनांदगांव के पियूष साहू के गोल से 2-1 की बढ़त बना दी। लेकिन इसके बाद मेजबान टीम के खिलाड़ी बिखरे-बिखरे से खेलने लगे, इसका फायदा सैफई के खिलाडियों ने उठाते हुए एक के बाद एक 4 गोल जल्दी-जल्दी कर दिए। ये गोल 28वें मिनट में नितिश यादव 40वें मिनट में रोमिल पॉल 50वें मिनट में नितिश यादव व 53वें मिनट में प्रदीप यादव ने व 54वें मिनट में रोमिल पॉल ने गोल कर मैच 6-2 गोल पर ला दिया। वहीं मैच के अंतिम क्षणों में राजनांदगाव के प्रवीण यादव ने गोल करके अपनी टीम के हार के अंतर को 6-3 गोल पर ला लिया, मगर मेजबान को इस हार से स्पर्धा से बाहर होना पड़ा। इसके पूर्व खेले गये पहले रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में जीएसटी चेन्नई ने गंगपुर हॉकी एसोसिएशन उड़ीसा को 2 गोल के मुकाबले 3 गोल से पराजित किया। मैच में शुरूवाती दो क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी थी। तीसरे क्वार्टर में गंगपुर की टीम 24वें मिनट में मुकेश टेटे व 37वें मिनट में संदीप लकरा के गोल से 2-0 गोल से बढ़त बना ली थी।

## खड़खड़िया जुआ सट्टा खेलाने वाले दो आरोपी पर कार्रवाई

**नगरी,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** मगरलोड पुलिस ग्राम रावतमुड़ा रंगमंच के बगल में रोड किनारे आम जगह पर खड़खड़िया खेलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है, कौशल साहू पिता राधेश्याम साहू एवं यशवंत यादव उर्फ बजरंगी सांकरा ( सिहावा) निवासी को जुआ खेलाते रंगे हाथ पकड़ा गया जिसके पास से एक प्लास्टिक फ्लैक्स फड़ जिसमें विभिन्न कलर के चौकोर नुमा ईट, पान, हुकुम, चिड़ी, झंडा, मुंडा का चित्र बना हुआ है, 6 नग ईट, पान, हुकुम, चिड़ी, झंडा, मुंडा का चौकोर गोटा प्लास्टिक का व एक नग प्लास्टिक का काले रंग का टोकरी एवं नगदी रकम 4300/ रूपये जप्त कर थाना मगरलोड के अपराध क्रमांक 39/2024 धारा 6 (क) छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 कायम कर विवेचना में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड निरी.राजेश जगत, सउनि. धनीराम नेताम, सउनि.अजय बनारसी, प्र.आर. दीपक गौतम दीपक गौतम,आर. मनोहर गायकवाड़, बलराम सिन्हा, गोविंदा ध्रृतलहरे, भीमसेन साहू का विशेष योगदान रहा।



## डोंगरगढ़ परशुराम सेना के निर्विरोध पुन: अध्यक्ष चुने गए राहुल मिश्रा

**डोंगरगढ ,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** धर्मनगरी के वार्ड नं. 01 केदारबाड़ी में स्थित ब्राह्मण समाज के विप्र भवन में परशुराम सेना के सफल पूर्वक तीन वर्ष पूर्ण होने पर आज पुनः नवीन चुनाव प्रक्रिया के साथ



नये पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें पूर्व में अध्यक्ष पद पर कार्यरत राहुल मिश्रा के नेतृत्व में अच्छे एवं सफल संचालन को देखते हुए सभी विप्र बंधुओं व परशुराम सेना के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध पुनः राहुल मिश्रा को अध्यक्ष चुना गया उसके बाद उपाध्यक्ष के रूप में आदित्य मिश्रा,मोहनिस तिवारी , महामंत्री पद पर मयंक शर्मा, पुष्पेन्द्र तिवारी सचिव पद पर अभिषेक तिवारी सहा सचिव अक्षत गर्ग, कोषाध्यक्ष वैभव पांड सहा कोषाध्यक्ष राजेश्वर तिवारी , वहीं मिडिया प्रभारी के रूप में ऋषि मिश्रा,अनुज शर्मा, आयुष तिवारी चुने गए उसके उपरांत जनसंपर्क सचिन शौर्य मिश्रा जनसंपर्क सहा सचिव आयुष वाईकर व पुरोहित के रूप में अनिल शर्मा व शुभम शर्मा को सर्वसम्मति से सभी के उपस्थित में चुना गया। जिसके लिए समाज के सम्मानित नागरिको ने सभी नये पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित

**डोंगरगढ़,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के सहयोग से हरियाणा के प्रसिद्ध डॉ मनोज सिंह बीएएमएस द्वारा



समस्त रोगों का ईलाज आयुर्वेद पद्धति से किया गया। इस दौरान उनके द्वारा उपस्थित मरीजों को फाईटोनेनो सांइस पद्धति द्वारा निर्मित आक्सी आयुर्वेद के दवाईयों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि इस पद्धति से गंभीर से गंभीर बिमारियों का स्थायी ईलाज किया जाता है। इस शिविर का 65 मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय संजय श्रीवास्तव व अनिल गट्टानी कोषाध्यक्ष सी पी मिश्रा मंत्री महेंद्र परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य ट्रस्टी गण पीताम्बर स्वामी प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता अजय ठाकुर मंदिर चिकित्सालय प्रबंधक डॉ गिरधर पटेल उपस्थित रहे।

## 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**राजनांदगांव ,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर श्रीमती गीता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हॉकी उनके जीवन से जुड़ा हुआ है और वे स्वयं हॉकी खिलाड़ी रही हैं। अपनी शिक्षा ग्रहण के समय हॉकी में लगाव



के फलस्वरूप उन्होंने हॉकी खेलना प्रारंभ किया था। किसी भी टीम में शामिल खिलाड़ी अकेला नहीं बल्कि उसके साथ पूरी टीम, राज्य और पूरा देश खेलता है। यह खेल की महत्ता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी टीमों को शुभकामनाएं दी। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने यहां खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मुख्य अतिथि श्रीमती गीता साहू ने 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 राजनांदगांव के विधिवत उद्घाटन की घोषणा भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्री राजेश श्यामकर, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भण्डारी, कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्टेडियम समिति राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे ने भी संबोधित किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मृणाल चौबे परिवार की ओर से चतुर्थ पुरस्कार प्रदान करने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं स्टेडियम समिति के प्रभारी अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हॉकी और झांकी के लिए राजनांदगांव जिला विख्यात है। यहां जाने माने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं भी हुई है। पूर्व ओलंपिक एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भी यहां आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धाओं में भी हिस्सा लेकर जिले का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस वर्ष 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को रजत कप एवं 5 लाख रूपए तथा उपविजेता टीम को रजत कप एवं 3 लाख रूपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

## जल जीवन मिशन के लिए मिशन मोड में कार्य करने की जरूरत : कलेक्टर

**राजनांदगांव ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रहे कान्ट्रेक्टर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य करने की जरूरत है। उन्होनें कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य को गति देने के लिए मिशन मोड में कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए तकनीकी दिक्कत को दूर करते हुए कार्य करें। उन्होंने ऐसे कान्ट्रेक्टर्स एवं ठेकेदार जिन्होंने कार्य लेने के बाद कार्य बंद कर दिया है, उन्हें 15 फरवरी तक कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा जारी की गई राशि का उपयोग करते हुए समय पर कार्य पूर्ण होना चाहिए। इसके साथ ही सामग्री की गुणवत्ता एवं कार्य पर ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनसामान्य को दिक्कत होने पर संबंधित कान्ट्रेक्टर्स पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समन्वय की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि किसी गांव में पेयजल की उपलब्धता के लिए कोई दिक्कत आ रही है तो फिल्ड में विजिट कर कार्य को पूरा करें। उन्होंने निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी कान्ट्रेक्टर्स से उच्च स्तरीय जलागार, डिस्ट्रीब्यूशन, एफएचटीसी, सबमर्सिबल पम्प, क्लोरिनेटर रूम, क्लोरिनेटर सिस्टम, राईजिंग मेंन, बाउण्ड्रीवॉल, स्वीच रूम, विद्युत कनेक्शन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्राम देवादा, जंगलेशर, मरेठानवागांव, ढाबा, टुरीपार, कुवांरझोरकी, घोटिया, पडरामटोला, तेलीटोला (टप्पा), डारागांव, कोलिहापुरी (छी), अमलीडीह, अउरदा, ईरइखुर्द, मासुल, खम्पुरा, भुरसाटोला, पिपरखारकला, भरकाटोला, खुर्सीपार, बागनदी, गिरगांव, कोपेडीह, कन्हारडबरी, साल्हे, गाताटोला, आरगांव, पैरी, टेका, जंगलपुर, छीपा, मुरमुन्दा, कोलिहापुरी (नवा) हालेकोसा, नागरकोहरा, बननवागांव, पिपरीया, माटेकट्टा, राका, मांगीखुटा, दमऊदहरा, गुण्डरी, खुबाटोला, सीतागोटा, मोतीपुर, झिंझारी, खोराटोला, सागर, चिद्दो, खरखाटोला, मुसराखुर्द, चिरचारीकला, बजरंगपुर, भकुर्रा, केशोटोला, केशोखैरी, कुहीकसा, तेन्दूटोला, सड़क चिरचारी, थैलीटोला, कापा, मोतीपुर, केसाल, मेटेपार, तुमड़ीकसा एवं खपराभाट में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा ने जल

## रीति बाला को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

**डोंगरगढ़ ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्राथमिक शाला नंबर 1 अंग्रेजी माध्यम डोंगरगढ़ की शिक्षिका श्रीमती प्रीति बाला लाटिया सहायक शिक्षिका को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नवाचारी कार्य के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया यह शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया जाने वाले विभिन्न कार्यों में जैसे अतिथि कक्षा शिक्षण रोचक नवाचारी गुणवत्ता पूर्ण हो शिक्षा सरकारी के उद्देश्य को लेकर नवाचारी गतिविधियां समूह गठित किया गया हैं यह भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं देश का सबसे बड़ा स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है इस समूह द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है इस वर्ष भी दिनाक 28 जनवरी को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विषयगत कार्य एवं नवाचार पाठ्य सामग्री रोचक गतिविधियों टी. एल. एम.का उपयोग कर शिक्षा को रोचकपूर्ण बनाने के लिए हमारे विकासखंड डोंगरगढ़ जिला राजनादगांव संकुल डोंगरगढ़ 2 के शासकीय प्राथमिक शाला नंबर 1 अंग्रेजी माध्यम डोंगरगढ़ की शिक्षिका श्रीमती प्रीति बाला लाटिया सहायक शिक्षिका को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नवाचारी कार्य के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में राष्ट्रीय नवाचारी



शिक्षा रत्न सम्मान से मुख्य अतिथि राज्य परियोजना कार्यालय से सहायक संचालक डॉ. एम सुधीस सर जी रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारती,रायपुर जिला डी. एम. सी.श्री पटले सर जी ने सम्मानित किए प्रीति बाला लाटिया को सम्मानित होने पर डोंगरगढ़ के विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदया श्रीमती विरेंद्र कौर गरचा डोंगरगढ़ के संकुल समन्वयक श्री सहारे सर स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य वाय एस रॉव सर संकुल समन्वयक श्री अमृत दास साहू अछोली के संकुल समन्वयक ठाकुर सर प्रभारी प्रधान पाठिका सीमा परमार शाला परिवार पालको द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त किए है।

# जनता शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले:कलेक्टर

- खाता विभाजन के प्रकरणों का निराकरण करने के दिए निर्देश
- मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का ग्रामवासियों को मिलना चाहिए फायदा
- मनरेगा अंतर्गत 57 लाख 9 हजार रुपए की लागत के मजदूरीमूलक कार्य स्वीकृत किए गए।
- राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया
- हितग्राहियों को पावर स्प्रेयर एवं आईस बाक्स का किया गया वितरण

**राजनांदगांव 30 जनवरी।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत तोतलभर्री में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ग्रामवासियों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने यहां लगाए गए विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया। दिव्यांग श्री रामेश्वर मानिकपुरी ने अपनी समस्या बताई। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पात्रता अनुसार पेंशन दिलाने के लिए निर्देशित किया। राजस्व विभाग के स्टॉल में उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं ग्रामवासियों से कहा कि खाता विभाजन जरूर कराएं। इससे धान बिक्री करने में तथा ऋण लेने में आसानी होती है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में आस-पास के दूरस्थ अंचलों के ग्रामवासी आए हुए हैं। यहां 57 लाख 9 हजार रूपए की लागत के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें से 6 लाख रूपए के नाली निर्माण तथा 51 लाख 9 हजार रूपए की लागत के मजदूरी मूलक कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वास्थ्य जांच की जा रही है तथा पुलिस विभाग के स्टॉल में खेल सामग्री एवं महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया है। वहीं नन्हें बच्चों को सुपोषण किट प्रदान किया गया। हर विभाग के स्टॉल में चाहे वे कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग सहित सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया है और यह दिन सार्थक होना चाहिए। उन्होंने जनसामान्य से कहा कि शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ लें। कई बार जनसामान्य जानकारी के अभाव में भी शासन की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। एक कदम आप उठाएं तो दूसरा कदम शासन शासन का होगा। व्यापार तथा लद्यु उद्यम प्रारंभ करने के लिए उद्योग विभाग की ओर से ऋण प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। वही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के संबंध में बताया जा रहा है।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि गांव में एक अच्छा बांध भी है। यहां वन विभाग की ओर से एक अच्छे तालाब का निर्माण किया जा सकता है एवं जीर्णोद्धार कर पानी उपलब्धता को पूरा किया जा सकता है। यदि हमारे किसान समृद्ध होंगे तो सभी समृद्ध होंगे और यहां किसान 2 से 3 फसल ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का ग्रामवासियों को फायदा मिलना चाहिए। ऐसे कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में डबरी स्वीकृत किए गए है, जिसका फायदा ग्रामवासियों को मिलेगा। कलेक्टर ने बातचीत के दौरान महिलाओं से ग्राम में शराब पीने वाले लोगों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शराब के बहुत से दुष्प्रभाव है, शराब की इस गलत आदत से दूर रहते हुए अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए बचत करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब बिक्री की जानकरी मिलने पर इसकी जानकारी पुलिस को दे सकते है। जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखते हुए अपराधियों को पुलिस ले जाएगी। कलेक्टर ने 20 हजार रूपए की लागत का पावर स्प्रेयर श्रीमती जैना बाई को प्रदान किया। उन्होंने नोनी सशक्तिकरण योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। मत्स्य पालन विभाग की ओर से जय मां अम्बे स्वसहायता समूह को आईस बाक्स का वितरण किया गया।

जिला स्तरीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि किसानों को शाकम्भरी योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान समृद्धि योजना, आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

## संपादकीय

# नीतीश की पलटी अपने फायदे के लिए

राजनीति में ज्यादातर नेता अपना फायदा देखने वाले होते हैं। राजनीति तो अपने फायदे के लिए की जाती है। सब नेता हो या पार्टी कोई कदम उठाने के पहले यह देखते हैं कि इसमें मेरा क्या फायदा है। जितना बड़ा फायदा होता है, उतना ही बड़ा कदम उठाया जाता है। ऐसा कदम भी उठाया जाता है जिसके विषय में कोई सोचा नहीं होता है। नीतीश कुमार ने भी बिहार में ऐसा कदम उठाया है जिसके बारे में विपक्ष के किसी नेता ने सोचा नहीं था। नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। यानी बिहार के गठबंधन व इंडी गठबंधन दोनों को छोड़ दिया है। नीतीश कुमार ने ही इंडी गठबंधन के लिए बहुत मेहनत की थी, हर राज्य में जाकर नेताओं से मिले थे, इंडी गठबंधन में आने का आग्रह किया था, उन्ही के कारण इंडी गठबंधन में 20 से ज्यादा दल शामिल हुए थे। वह संयोजक नहीं थे लेकिन संयोजक की तरह महीनों काम किया। कई बैठकें भी हुई। नीतीश कुमार चाहते थे कि जल्द सीटे शेयरिंग, कामन मिनीमम प्रोग्राम, संयोजक, पीएम फेस आदि का फैसला कर लिया जाए। वह पटना की बैठक से उम्मीद कर रहे थे कि इंडी गठबंधन का संयोजक उन्हें ही बनाया जाएगा। लेकिन कई बैठकों के बाद भी उन्हें संयोजक नहीं बनाया गया। गठबंधन के नेताओं ने उनका अपमान भी किया। एक वक्त ऐसा आया कि मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे कर दिया गया। यानी पीएम का चेहरा खरगे को एक तरह से घोषित कर दिया गया। खरगे ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। इस बात से नीतीश कुमार समझ गए कि गठबंधन के नेता उन्हे न तो संयोजक बनाने वाले हैं, न ही पीएम का फेस बनाने वाले हैं। कई बार गठबंधन के नेता उनको महत्व देने की जगह लालू यादव को ज्यादा महत्व देने लगे.यह बात भी नीतीश कुमार को बुरी लगी कि बिहार के सीएम वह है, गठबधन के लिए सबसे ज्यादा मेहनेत उन्होंने की है लेकिन बिहार में लालू यादव को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। विपक्ष उन्हें केंद्र की राजनीति में अहम स्थान देने का तैयार नहीं था,उनका अपमान कर रहा था, बिहार में लालू यादव जल्दी तेजस्वी को सीएम बनाना चाहते थे। विपक्ष को भी ऐसा लग रहा था कि नीतीश कुमार अब तो भाजपा छोड़कर आ गए हैं, अमित शाह ने कह दिया है कि नीतीश के लिए दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गए हैं, वह भाजपा में वापस जाना चाहे तो भी भाजपा के पास वापस नहीं जा सकते यानी विपक्ष ने मान लिया कि नीतीश वही करेंगे जो विपक्ष चाहेगा। विपक्ष व लालू यादव को वहम था कि नीतीश अब वापस भाजपा के पास नहीं जा सकते। नीतीश कुमार तो नीतीश कुमार हैं। उन्होंने भाजपा के पास वापस जाने का जुगाड़ पहले किया और बाद में सीएम पद से इस्तीफा देकर विपक्ष को बता दिया कि नीतीश कुमार अपना अपमान नहीं भूलते हैं, वह समय पर अपमान का बदला ऐसा लेते हैं कि अपमान करने वाले याद रखते हैं। अब इंडी गठबंधन व लालू यादव परिवार पछता रहा होगा कि जल्दबाजी में उन्हें नीतीश कुमार के साथ बुरा व्यवहार नहीं करना था। नीतीश कुमार को यह पता रहता है कि कब उसकी किसको कितनी जरूरत है। वह उस हिसाब से फैसले करते हैं। जब उन्हें लगा कि विपक्ष के साथ जाने में उनका तथा पार्टी का भला है तो उन्होंन जाने में देरी नहीं की। जब उन्हें लगा कि भाजपा के पास वापस लौटने में ज्यादा फायदा है तो उन्होंने इस्तीफा देकर भाजपा के साथ सरकार बना ली है। विपक्ष के नेता भले न माने कि इस वक्त राममंदिर में राम लला के विराजने के बाद माहौल भाजपा के पक्ष में है। उसके बाद भाजपा सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर बिहार के गरीब लोगों का भी दिल जीत लिया, उधर विपक्ष उनकी उपेक्षा कर रहा था तो उन्होंने भाजपा के पास लौटने का फैसला किया। यह सुनिश्चित किया कि वह सीएम बने रहेंगे। भाजपा को भी चार सौ सीटें जीतने के लिए नीतीश कुमार की जरूरत बिहार में थी। इसलिए भाजपा ने बिहार के हित की जगह केंद्र के हित को तरजीह दी और नीतीश कुमार को हरी झंडी दी। अब नीतीश कुमार के निकल जाने से इंडी गठबंधन की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लग गया है तो इसके लिए नीतीश कुमार से ज्यादा कांग्रेस व लालू यादव दोषी हैं। अब विपक्षकका भाजपा को हराने का सपना सपना ही बना रहेगा।

# किसान आंदोलन से धधक उठे यूरोप के कई देश

**विदेश**

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर किसानों के महत्व का मूल्यांकन हर देश अच्छी तरह से समझता है,क्योंकि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था व विकास में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। परंतु लंबे समय से हम देख रहे हैं कि इन्हीं किसानों को अपनी समस्याओं के लिए लंबा जदोजहद करना पड़ता है, जो हम भारत में पिछले सालों एक लंबा आंदोलन देख चुके हैं, जिसनें सरकार को भी हिला दिया था फिर एमएसपी का समाधान करने का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कर दिया गया था, जिसका अभी तक किसानों में समाधान नहीं दिख रहा है। वहीं आंदोलन की सुबसुबाहट उठ रही है। परंतु ऐसी चिंगारी अभी यूरोपीय देशों में हमें पिछले कुछ दिनों से देखने को मिल रही है। यूरोपियन यूनियन के कई देश फ्रांस जर्मनी पोलैंड रोमानिया सहित अनेक देशों में किसान आंदोलन ने जोर पड़ा है। जिस समय फ्रांस के राष्ट्रपति 26 जनवरी 2024 को भारतीय गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तब फ्रांस में किसानों का आंदोलन भारतीय तर्ज पर ट्रैक्टर मार्च शुरू हुआ था। अब सरकारों नें मंथन कर कुछ मांगों पर मंजूरी दी है, जैसे भारत में एमएसपी पर आंदोलन था वैसे ही फ्रांस व अनेक यूरोपीय देशों में पर्यावरण अनुकूल नीतियों से परेशानी, रूस यूक्रेन युद्ध से बदली कुछ नीतियां, करो में बेतहाशा बढ़ोतरी, मुक्त व्यापार समझौता में सस्ता विदेशी माल आयात करने, गैस बिजली की बढ़ती कीमतों,जलवायु परिवर्तन संबंधी सख्त नियमों से किसानो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इस आंदोलन में सामान्य व्यक्ति भी शामिल हो गए हैं करीब 89 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल होने की बात की जा रही है, जिसपर सरकार भी सख्ते में है। चूंकि भारतीय किसान आंदोलन की तर्ज पर यूरोप के कई देशों में किसान आंदोलन उफान पर है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर अन्नदाता किसानों की समस्याओं पर मंथन करचार्टर बनाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम यूरोप के कुछ देशों में किसान आंदोलन की करें तो, किसानों का कहना है कि सरकार अपने सरकारी खजाने को भरने के लिए किसानों के करों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर रही है।ब्रुसेल्स में हुए सम्मलेन के बाद अंतहीन मुक्त व्यापार सौदों के माध्यम से सस्ते विदेशी आयात को प्रतिस्थापित कर रही है।जिन देशों के साथ मुक्त व्यापर को बढ़ावा दिया जा रहा,वहां के किसानों को समान नियामक आदेशों के तहत काम नहीं करना होता जबकि हमें जलवायु परिवर्तन नीतियों के साथ काम करना पड़ता है।किसानों के इस आंदोलन के साथ आम लोगों की भी सहानुभूति देखी जा रही है।आम लोग भी देश में गैस और बिजली के बढ़ते दामों से परेशान है, उनकी क्रय शक्ति ख़त्म होती जा रही है।लोगों में गुस्सा तब और बढ़ गया जब उनकी अपनी सरकार यूक्रेन को समर्थन देने को अपनी नैतिक जिम्मेदारी बताती है। जबकि ये युद्ध खुले तौर पर देश के पूंजीपति घरानों और सैन्य औद्योगिक परिसर के लिए व्यापर बढ़ने का एक अद्भुत मौका रहा है।आम जनता की शिकायत है कि इन सब नीतियों पर सरकारी नुमाइंदे अपने विचार प्रकट कर देते है, लेकिन जब फ्रांसीसी नेशनल असेंबली में बढ़ते महंगाई को नियंत्रित करने के लिए भत्ते के रूप में प्रति माह की वृद्धि को मंजूरी दी जाती है तब सरकार इसको अनसुना कर देती है। किसानों का कहना है कि वे कम उपभोक्ता कीमतों से परेशान हैं और सरकार से कीमतें बढ़ाने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि महंगाई को कम करने के लिए सरकार ने खाद्य कंपनियों पर कीमतें कम करने का दबाव बनाया था।कीमतें कम करने की वजह से किसानों की आय प्रभावित हुए,जिससे किसानों का गुस्सा भड़क उठा.यूरोपीय संघ के सबसे बड़े कृषि उत्पादक फ्रांस में कई किसानों का कहना है कि उन्हें खुदराविक्रेताओं से अपनी कीमतें कम करने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है और इससे उनकी आजीविका को खतरा है।फार्म यूनियनों ने ट्रैक्टर ईंधन पर सरकारी टैक्स, विदेशी अनाज के सस्ते आयात, पानी तक पहुंच, अत्यधिक वीआईपी कल्चर और पर्यावरण नियमों का भी हवाला दिया है. फ्रांस में ग्रामीण क्षेत्रों में दो सप्ताह तक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं. जर्मनी और पोलैंड और अन्य यूरोपीय देशों के किसान सरकारी नीतियों से परेशान हैं और बीते कुछ दिनों में विरोध-प्रदर्शन भी किया है। साथियों बात अगर हम फ्रांस में किसान आंदोलन उफान पर होने की करें तो, फ्रांस में चल रहे किसानों के आंदोलन के बाद फ्रांसीसी सरकार देश के प्रमुख राजमार्गों से बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों को हटाने के लिए संघर्ष कर रही हैकिसान आंदोलन के प्रभाव को लेकर ओडोक्सा द्वारा किये गए सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 89 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक प्रदर्शनकारी किसानों का समर्थन कर रहे हैं।अब फ्रांस के भी किसान उस आंदोलन में शामिल हो गए हैं, जिसमें अब यूरोपीय संघ का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। वे अपनी ही सरकारों से नाराज़ हैं।किसानों को इस बात से शिकायत है कि ब्रुसेल्स में हुए मीटिंग के बाद उनकी अपनी निर्वाचित सरकारें टेक्नोक्रैट के दबाव में अपनी नीतियों को किसानों के खिलाफबदल रहे हैं।इन पांचो ही देशों में किसानों को अपनी सरकार के इन्हीं नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरना पड़ा,इसलिए उनकी मांगें भी समान है।किसान ऊर्जा के लिए उचित मूल्य चाहते हैं जबकि यूरोपीय संघ ने न केवल महंगी जलवायु नीतियां लागू की हैं जो जीवाश्म ईंधन को प्लेग की तरह मानती हैं। बल्कि रूसयूक्रेन में यूक्रेन का समर्थन करने के लिए यूरोप की अर्थव्यवस्था को चलाने वाली सस्ती रूसी गैस की अपनी आपूर्ति को नष्ट करने का भी फैसला किया है।साथ ही उन्होंने यूक्रेन से वस्तुओं और सेवाओं पर आयात शुल्क हटाने का फैसला किया, जिससे यूरोपीय संघ में ट्रक ड्राइवरों की बाढ़ आ गई जो स्थानीय प्रदाताओं को कम कीमत पर अपना सामान बेचते हैं और तो और उन कृषि उत्पादों को भी कम कर देते हैं जो यूरोपीय किसानों के यूरोपीय संघ के मानकों को भी पूरा नहीं करते हैं।इन सब नीतियों की वजह से सरकारें अपनी खर्च को कम करने के उपाय ढूंढ रही हैं और ऐसे में किसानों पर बोझ डाला जा रहा है। फ्रांस के किसानों का विरोध प्रदर्शन पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। सैकड़ों किसान सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतर आए हैं।प्रदर्शनकारियों ने ट्रैक्टरों से चक्का जाम किया हुआ है।सरकारी कार्यालयों के बाहर बदबूदार कृषि कचरा भी फेंककर विरोध दर्ज कराया जा रहा है. कुछ नाराज प्रदर्शनकारी राजधानी पेरिस के आसपास के ट्रैफिक को ब्लॉक करने की योजना बना रहे हैं। यह स्थिति सिर्फ फ्रांस तक सीमित नहीं है फ्रांस यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा कृषि उत्पादक है और फ्रांसीसी किसानों का विरोध जर्मनी, पोलैंड और रोमानिया जैसे बाकी यूरोपीय देशों में भी फैल रहा है।सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की मुख्य मांग बेहतर वेतन की है. सरकार की पर्यावरण अनुकूल नीतियों से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध से यूरोपियन यूनियन के किसानों को काफी परेशानी हो रही है। बढ़ते विरोध के बीच राज्य सरकारों ने किसानों को राहत देने वाली योजनाओं की घोषणा की है, लेकिन क्षेत्रिय किसान संगठनों का कहना है कि ये सब उनकी मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है.आइए जानते हैं कि आखिर बात यहां तक पहुंची कैसे और यूरोपियन यूनियन के किसानों की नाराजगी की क्या वजह है। फ्रांस और कुछ यरोपियन यूनियन के देशों में बायोडायवर्सिटी को बरकरार रखने के लिए किसानों से उनकी उपजाओं जमीन के कुछ हिस्सा पर खेती ना करने के लिए कहा जा रहा है। इन देशों में कृषि योग्य भूमि का 4 प्रतिशत हिस्सा गैर-उत्पादक सुविधाओं जैसे हेजेज, ग्रोव्स और फैलो लैंड को समर्पित करना जरूरी है। इस तरह के नियमों से किसानों की उपज में गिरावट आई है।डेयरी किसानों की शिकायत है कि सरकार महंगाई को काबू करने पर जोर दे रही, जिससे उन्हें घाटा हो रहा है, इससे किसान अपने पैदावार की उच्च लागत को कवर करने में असमर्थ हो रहे हैं। साथियों बात अगर हम आंदोलन से सख्ते में फ्रांस सरकार द्वारा समाधान की करें तो,फ्रांसीसी सरकार ने किसानों की कुछ मांगों को मंजूरी दी है। सरकार ने कृषि डीजल पर राज्य सब्सिडी को धीरे-धीरे कम करने की योजना छोड़ दी है। किसानों के सामने आने वाले वित्तीय और प्रशासनिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से भी कई कदमों की घोषणा की जा चुकी है।पीएम गेब्रियल अटल ने किसानों को शांत करते हुए कहा, हम कृषि को हर चीज से ऊपर रखेंगे।किसान संगठनों ने प्रदर्शन रोकने का कोई संकेत नहीं दिया है। फ्रांस के सबसे बड़े फार्मिंग यूनियन, एफएनएसईए ने मीडियो को बताया कि वो अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेगा, साथ ही कई किसान मोटरमार्गों और प्रमुख सड़कों पर लगाए गए रोड ब्लॉक पर डटे रहेंगे।रिपोर्ट्स केमुताबिक फ्रांस के प्रदर्शन की आग को राजनीतिक हवा भी मिल रही है।दरअसल, जून में यूरोपीय संसद चुनाव होने वाले हैं। विपक्षी दल इन विरोध प्रदर्शनों का फायदा उठा सकते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि किसान आंदोलन से धधक उठे यूरोप के कई देश।भारतीय किसान आंदोलन की तर्ज़ पर यूरोप के कई देशों में किसान आंदोलन उफान परवैश्विक स्तर पर अन्नदाता किसानों की समस्याओं पर मंथन कर चार्टर बनाना समय की मांग है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपका अच्छा व्यक्तित्व समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के जो जातक ठेकेदार हैं उनके लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। छात्रों को आज उनकी मेहनत का फल मिलने वाला है।

वृष राशि-आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। कई सालों से नहीं बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिकने के योग हैं। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे। जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी और पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। इस राशि के विवाहित पुरूष आज जीवनसाथी को साड़ी गिफ्ट करें तो रिश्ते में और मधुरता आएगी। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के साथ आप बाहर डिनर पर जा सकते हैं।

कर्क राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। पड़ोसी जिनसे पहले अनबन हुई थी वो आज सब भुलाकर दोस्ती का हांथ बढ़ाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। एग्जाम से रिलेटेड कोई शुभ समाचार मिल सकता हैं। घर से बाहर जाते समय जेब में काली मिर्च के सात दाने जरूर रखें, फायदा होना तय है। आप आज जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे, जिससे समाज में आपकी अच्छी छवि अच्छी बनेगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस के काम का लोड ज्यादा हो सकता है, जितनी सहजता से करेंगे उतनी ही जल्दी काम पूरा होगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन सकता है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी रिश्तेदार की शादी में जा सकते है।

कन्या राशि-आज का दिन नई खुशियां लेकर आया है। आप अपने मित्र के साथ बाहर जा सकते हैं, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। साथ में किसी मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। परिवार के साथ डिनर बाहर करने का प्लान बनाएंगे। इंजीनियरिंग के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

तुला राशि-आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में आज बॉस अधूरे कार्यों को देखकर आपकी क्लास लगा सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। इस राशि के जातक जो राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज अपने लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं, दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि के फैब्रिकैटर के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी कोई अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। लवमेट के साथ शादी फिक्स होने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बनेगा। आपका रुका काम आसानी से पूरा हो जाएगा। साथ ही घर में लोगों का आना जाना रहेगा। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। आज आपसे मिलने कोई दोस्त आपके घर आ सकते है, उनके साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद लेंगे।

धनु राशि- आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा। साइंस से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर होगा। सरकारी नौकरी वालों का आज के दिन प्रमोशन हो सकता है। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

मकर राशि- आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बितेगा। परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। परिवार के सभी सदस्यों को आनंद की प्राप्ति होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होने वाला है। आज किसी बड़ी पार्टी से बुकिंग का आर्डर मिल सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। छात्र आज अपने पढ़ाई के रूटीन में बदलाव करेंगे, ये बदलाव आने वाले समय में फायदेमंद साबित होगा।

कुंभ राशि-आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आप अपना पैसा किसी धार्मिक काम में लगाएंगे, तो आपका मन शांत रहेगा। इस राशि के लोग आज घर से बाहर निकलने से पहले घर में किसी कन्या का आर्शीवाद लेकर निकलें तो निश्चित लाभ की प्राप्ति होगी। आज आपके जरूरी कामों में जीवनसाथी का योगदान कारगर साबित होगा। दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मीन राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर ज्यादा सोच विचार करने से बचें। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं आएंगी। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार वालों के साथ शाम के समय किसी मॉल में शापिंग करने के लिए जाएंगे। दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मे जाएंगे और वहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करेंगे। आज आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

**व्यंग्य**

# सब बोलने की बातें हैं

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



एक समय था जब झूठ बोलने पर कौवा काटता था। हो न हो यह कौआ अवश्य महात्मा गांधी जी का होगा। वरना इंसान को काटने की हिम्मत किसमें है। वैसे पर्यावरण परिवर्तन के चलते महात्मा गांधी वाले कौए तो कब के लुप्त हो गए। अब जो बचे हैं वे झूठ बोलने पर नहीं सच बोलने पर काटते हैं। इसीलिए लोग सच बोलने से डरते हैं। सच बोलकर कौन मूर्ख बेमतलब का टिटिम्मा पालेगा। सच बोलकर दूसरों को दूर करने से अच्छा है झूठ बोलकर उनके गले काटना। इस तरह गला काटने पर खून का रंग लाल हो न हो लेकिन स्वाद मीठा होता है। यदि ऐसा न होता तो आए दिन इतने गले कट रहे हैं, क्या वह बिना स्वार्थ वाले मीठे स्वाद का होता। आइंस्टीन ने महात्मा गांधी को हांड-मांस का चलता हुआ क्रांतिकारी महापुरुष बताया। उनकी बात मुझे तब सच लगी जब मैंने मुन्ना भाई एमबीबीएस और मुन्ना भाई लगे रहो में गांधीगिरी को देखा। गांधीगिरी के नाम पर टिकट खिड़कियों पर इतनी भीड़ उमड़ी कि एक बार के लिए लगा हो न हो गांधी जी फिर से वापस आ गए हैं। दो फिल्मों को छह घंटे देखकर छह सेकंड में गांधी जी को भुला देने वाली पब्लिक उनके सिद्धांतों को पुड़िया बनाकर पैरों तले कुचलने में आज की दुनियादारी समझती है। क्या होता अगर सच में गांधी जी के सिद्धांतों पर यह देश काम करता? इसमें सोचने वाली बात क्या है। स्वतंत्रता 1947 में मिली। हम वहीं के वहीं रहते। वह तो शुक्र मनाओ कि गांधी जी 30 जनवरी 1948 को जबरन इस दुनिया से चल बसे। तभी तो हम उनकी याद में असत्य, अहिंसा, अधर्म, अन्याय का सफलतापूर्वक पालन करते हुए यहाँ तक पहुँचे हैं। सच बोलने वाले, धर्म का पालन करने वाले, न्याय का पक्ष धरने वाले, अहिंसा की बातें करने वाले आदमखोर शेर से भी खतरनाक माने जाते हैं। इसीलिए इन्हें जेल में बंद कर दिया जाता है या फिर राष्ट्रविरोधी कहकर उन पर गद्दार का ठप्पा लगा दिया जाता है। अब तो हर जगह झूठ का बोलबाला है साहब। पैंतीस-चालीस रुपए में पेट्रोल देने के नाम पर सरकार बनाने वाले सौ रुपए में पेट्रोल बेचते हैं। कभी गैस सिलेंडर इतने महंगे थे कि एक महान संस्कृति की पक्षधर अम्मा संसद के सामने गलाफाड़ गृहिणी के रूप में सरकार को हिला देती थीं। अब वही अम्मा हजार रुपए की कीमत को सस्ती गैस बताकर अपनी बेटी के होटल में गाय, सुअर के मांस का सांस्कृकि भोज्य पदार्थ बनवाती हैं। इस तरह संस्कृति का विकास करती हैं। अच्छा हुआ गांधी जी निरमा वाशिंग पाउडर के विज्ञापन से पहले चल बसे। वरना उनकी मौत पर यही वित्तीय अम्मा कहतीं ङ्क गांधी जी गोली लगने से नहीं मरे। बल्कि वे ही गोली के रास्ते में आ गए। इसमें गोली की कोई गलती नहीं है। उन्हें तो उसेन बोल्ट की तरह फुर्तीला होना चाहिए था। गोली के रास्ते में आने वाला मरेगा नहीं तो क्या साल्सा डैंस करेगा। सच बोलने वालों को कौओं से नहीं मोटा भाई से डरना चाहिए। क्योंकि सच बोलने वाले मैके जाने के बजाए जेल जाते हैं। यह बात अलग है कि आगे चलकर जेल ही उनका मैका बन जाता है। यदि इतने पर भी सच बोलने वालों की चुल मची रहती है तो उनके पीछे ईडी, सीबीआई, टाडा, गद्दार, राष्ट्रविरोधी जैसे टैग लगाकर उन्हें मारेंगे नहीं मरने पर मजबूर कर देंगे। गांधी जी हमेशा एक गाल के बदले दूसरा गाल भी ऑफर करने के लिए कहते थे। काश आज वे होते तो उनके सिद्धांतों में और न जाने कितने ऑफरों के साथ पूरा का पूरा बदन सत्ता के हाथ में धर देते और कहते ङ्क यह बदन तुम्हारे हवाले सत्ताधारियों....। अब जो करना है करो तुम्हारी मर्जी है सत्ताधारियों...।

## रोज़ 1 घंटे जुंबा को बना लें अपना रूटीनकमाल,

जुंबा एक्सरसाइज फुल बॉडी एक्टिविटी में आती है. यह ऐसी फन एक्सरसाइज है, जो न सिर्फ शरीर को फिट रखती है, बल्कि मेल-जोल का मौका भी बढ़ाती हैं.अगर आप जिम नहीं जा पा रहे हैं और वजन तेजी से बढ़ रहा है तो जुंबा डांस से वेट लॉस कर सकते हैं. आजकल इसका ट्रेंड तेजी से चल रहा है. जिसके कई फायदे हैं.दरअसल, जुंबा ऐसी फिजिकल एक्टिविटी है जो वजन कम करने में मदद कर सकता है. इसके करने से मोटापा कम होता है और शरीर कई बीमारियों से बच जाता है. ऐसे में आइए जानते हैं जुंबा करने के क्या-क्या फायदे हैं. **फैट बर्न करने में मददगारः** वजन कम करना चाहते हैं तो सबसे पहले ज्यादा से ज्यादा कैलोरी बर्न करने की जरूरत है. जुंबा करने से एक बार में 600 से 1000 कैलोरी कम हो सकती है. ऐसा इसलिए क्योंकि यह फास्ट और स्लो एक्सरसाइज का कॉम्बिनेशन है जो शरीर से तेजी से फैट बर्न करती है. **फुल बॉडी एक्टिविटीः** जुंबा में सिर से लेकर गर्दन तक, कंधों से लेकर जांघों तक, कमर से तलवों और टखनों तक शरीर की हर मांसपेशियां आ जाती हैं. इससे शरीर का तालमेल बना रहता है और अच्छी तरह वर्कआउट होता है. जिससे इसे फुल बॉडी एक्टिविटी माना जाता है.**जुंबा फन वर्कआउटः** जुंबा को फन वर्कआउट माना जाता है. यही वजह है कि शरीर को शेप में लाने के लिए किसी भी दूसरे डांस स्टाइल की बजाय जुंबा ज्यादा पसंद किया जाता है. इसके साथ ही यह मेलजोल बढ़ाने और नए लोगों से मिलने का भी अच्छा चांस देता है.

**अच्छी पहल**

# 'परीक्षा पे चर्चा' निराशा को अवसरों में बदलने की खिड़की

**ललित गर्ग**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह है। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकार्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है।

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते है की पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे है, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं।

नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरूआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल



हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए? मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फनाता नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा है तो उसे ठीक करने की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का नाता पहले दिन से ही निरंतर प्रगाढ़ता से बढ़ते रहना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सिलेबस से आगे बढ़कर छात्रों से संग रिश्ता बनाना चाहिए। इसी से छात्रों के उन्नत, सक्षम, प्रखर एवं चरित्रसम्पन्न जीवन की संभावनाओं का धरातल मजबूत होगा और इसी से वे वर्चस्वी और यशस्वी बनेंगे, उनकी रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा निखरेगी। संभवतः इसी से सशक्त भारत एवं विकसित भारत का सपना आकार ले सकेगा। ग्रामीण छात्रों की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं शिक्षकों की उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है। इसके लिये शिक्षकों एवं छात्रों के रिश्ते को नये आकार में ढालने की अपेक्षा है। भारत जैसे देश में शिक्षा और उसके पढ़ाई के स्तर पर ऐसी कई पेचीदिगियां एवं चुनौतियां हैं।

पढ़ाई का स्तर और पढ़ाई के ढंग की वजह का सीधा असर छात्रों के परीक्षा पर पड़ता है। ये भी हकीकत है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन की शुरुआत की गयी है, नयी शिक्षा नीति घोषित की गयी है, लेकिन अभी भी शिक्षा में कई क्रांतिकारी परिवर्तन की जरूरत है। भारत में परीक्षा का तनाव इतना घातक है कि इसके तनाव से छात्र खुदकुशी तक कर लेते है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक परीक्षा में फेल होने के कारण साल 2014 से साल 2020 के बीच कुल 12,582 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं। आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' से शिक्षा के गौरव को स्थापित करने को भी तत्पर है। 'परीक्षा पे चर्चा' में अनेक छोटी-छोटी बातों पर भी ध्यान आकर्षित किया गया।

जैसे हाथ से लिखने की आदत का कम होना। आईपैड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर समय बिताने के कारण बहुत से छात्रों की कलम से कागज पर लिखने की आदत छूट गई है। दैनिक आधार पर छात्रों को लिखने का अभ्यास करना चाहिए। एक विषय लें और उस पर लिखें, और फिर उसमें खुद ही सुधार करें। यह अभ्यास आपको अपनी गलतियों को सुधारने में मदद करेगा और आपको सही तरीके से रणनीति बनाने में भी मदद करेगा। आज परीक्षा में सबसे बड़ी चुनौती हाथ से लिखना ही है, इसके लिये निरन्तर लिखने का अभ्यास जरूरी है। क्योंकि अगर आपको तैरना आता है तो पानी में जाने से डर नहीं लगता। जो प्रैक्टिस करता है उसे भरोसा होता कि मैं पार कर जाऊंगा। छात्रों एवं परीक्षा के लिये एक स्वतंत्र आयोजन, निश्चित ही दूरगामी सोच का परिणाम है। नरेन्द्र मोदी शिक्षा में नये मूल्यों की स्थापना कर उसे सुन्दर शक्ल देने की बड़ी जिम्मेदारी मानते हुए ही ऐसे आयोजन को महत्व दे रहे हैं। उनको खुद को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। वे परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित नये-नये तरीके प्रस्तुत कर छात्रों की निराशाओं को अवसरों की खिड़की बना कर उससे ताजी हवा का अहसास कराते हैं।

## एक नजर

### स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत छिंदनार को मिला प्रथम स्थान



**गीदम, 30 जनवरी।** जिले को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया था। जिस पर गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत छिंदनार ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसको गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी द्वारा ?50000 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत छिंदनार की सरपंच संध्या शुक्ला उपस्थिति रही। गौरतलब हैं कि स्वच्छता अभियान सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को स्वच्छ बनाना और सफाई के अच्छे प्रथाओं को प्रमोट करना है। अभियान लोगों के बीच स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इसके तहत, नागरिकों से अपने आस-पास की स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया जाता है।

### बिन्नी बाई सब्जी बाजार से पालिका अमले ने हटाया अतिक्रमण



**महासमुंद।** नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक बार फिर शुरू की गई है।नागरिकों की शिकायत पर सोमवार को पालिका अफसरों ने संज्ञान लेते हुए शहर के बिन्नी बाई सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। ज्ञात हो कि यहां करोड़ो रुपए की लागत से सब्जी मंडी का निर्माण कार्य कराया गया था। जिससे व्यवस्थित तरीके से सब्जी मंडी का संचालन किया जा सके, पर कुछ दुकानदारों द्वारा मनमानी तरीके से अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। जिससे बाजार में सब्जी खरीदने के लिए आने वाले ग्राहकों को जंहा परेशानी का सामना करना पड़ रहा था वहीं अव्यवस्था फैली रहती थी। इस मामले की शिकायत लोगों द्वारा की गई, जिसके परिणाम स्वरूप मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे के नेतृत्व में नगर पालिका का अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा और दुकानदारों को समझाइश भी दी। सीएमओ ने कहा कि बाजार में दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि दुकानदार सड़क में दुकान लगा कर बैठ जाते हैं जिससे आवागमन बाधित होता है, वही पैदल चलने वाले भी काफी परेशान होती है। सोमवार को अतिक्रमण की कार्रवाई में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, अतिक्रमण प्रभारी ललीत चन्द्राकर, करण कुमार यादव, जीतू सोनी, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श सहित अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### 115 लीटर कच्ची शराब जब्त

**महासमुंद।** अवैध रूप से बनाए गए कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध आबकारी विभाग महासमुंद द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार और मार्गदर्शन में 27 एवं 28 जनवरी को आबकारी वृत्त सरायपाली अंतर्गत आरोपी राजू कलेत (33), निवासी सिंघोड़ा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब, आरोपी राजिन बारला (22), निवासी छुईपाली, थाना सिंघोड़ा के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया तथा छुईपाली के ही एक अन्य आरोपी हरीशचंद्र यादव (28) के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त कर उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर रिमांड पर जेल भेजा गया।एक अन्य कार्रवाई मे ग्राम डोंगररक्सा थाना सिंघोड़ा में जंगल से 80 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब और 22 प्लास्टिक ड्रमों में लगभग 1100 किलोग्राम शराब बनाने योग्य महुआ लहान जब्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण कार्रवाई सराईपाली के वृत्त प्रभारी अधिकारी उत्तमबुद्ध भारद्वाज द्वारा की गई जिसमें आबकारी स्टाफ़ मौजूद थे।

### हल्दी-कुमकुम सनातनी संस्कृति में अखंड सौभाग्य का प्रतीक: प्रिया



**महासमुंद।** जिला महिला मराठा समाज महासमुंद ने सामूहिक हल्दी-कुमकुम महोत्सव कार्यक्रम रविवार को काव्यांश भवन में आयोजित किया गया। समाज की महिलाओं ने भारत माता, जीजामाता, क्षत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मां भवानी, जीजामाता और क्षत्रपति शिवाजी व जय भवानी-जय शिवाजी के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर उपहार स्वरूप श्रृंगार सामग्री अन्य उपहार देकर सुख सौभाग्य की कामना की। हल्दी-कुमकुम महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता मराठा महिला समाज अध्यक्ष अनिता पवार, विशेष अतिथि श्रद्धा पवार, विशिष्ट अतिथि समाज संरक्षक वंदना थिटे एवं कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव श्रमती रामेश्वरी घाड़गे ने किया। आभार प्रदर्शन वंदना थिटे ने किया।मुख्य अतिथि प्रिया सिन्हा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हल्दी-कुमकुम सनातनी संस्कृति में अखंड सौभाग्य का प्रतीक है।

### अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले 13 पार्षदों में आपसी फूट से

# नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली,30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले का सबसे धनी नगर पालिका माने जाने वाली किरंदुल नगरपालिका हमेशा से ही सुर्खियों में रहता है छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की सरकार जाते ही कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय के खिलाफ उनके ही कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पार्षदों ने भाजपा सीपीआई ,और निर्दलीय 13 पार्षदो के साथ मिलकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसमे किरंदुल के कांग्रेस के 7 पार्षद ,भाजपा के 4 सीपीआई 1 ,निर्दलीय 1 जिसमें कांग्रेस के नपा उपाध्यक्ष बाल सिंह कश्यप, दिनेश कुमार प्रसाद, रतनी मांडवी,अशोक कश्यप, कीर्तिनी राणा,गायत्री साहू,सुरेश लीला पात्रे ,भाजपा के पार्षद शैलेंद्र सिंह,राजकुमार छालीवाल,निधि जयसवाल,रामकिशोर ,सीपीआई से भानवती नाग,निर्दलीय अब्दुल हमीद सिद्धिकी ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था विपक्ष में 13 वोट और ना पा अध्यक्ष के पक्ष में 5 वोट थे अमृत टंडन, राजू कुंजाम ,इला पटेल , राजेंद्र राय,और स्वयं अध्यक्ष थे जिस पर दंतेवाड़ा डिप्टी कलेक्टर ने 29 जनवरी सोमवार को किरंदुल नगरपालिका में सुबह 11 बजे सम्मेलन फ्लोर टेस्ट के आदेश दिए थे समय अनुसार डिप्टी कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर नोडल अधिकारी के रूप में किरंदुल नगर पालिका पहुंचे उन्होंने सभी पार्षदों से बात कर वोटिंग प्रक्रिया प्रारंभ किया वोटिंग के पश्चात गिनती होने पर नगर पालिका अध्यक्ष के पक्ष में 10 वोट और विपक्ष में 8 वोट पड़े जिससे नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय अपनी सत्ता बचाने में कामयाब रहे और विपक्ष के 13 वोट में से 5 वोट अध्यक्ष के पक्ष में चले गए और विपक्ष 8 वोटो पर ही सिमट रह गई किरंदूल नगर पालिका के इस घटनाक्रम में पूरे शहर वासियों की पैनी नजर थी सुबह से ही नगर पालिका परिषद में पत्रकार एवं बुद्धिजीवियों की भीड़ लगी हुई थी नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने पक्ष में कैसे विपक्ष के 5 पार्षदों को लाया और विपक्ष में किस कारण फूट पड़ गई यहां सभी नगर वासियो में चर्चा का विषय बना रहा वही नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने फ्लोर टेस्ट जीतने के बाद सांसद प्रतिनिधि पर पार्टी विरोधी काम करने के गंभीर आरोप लगाए

वही बागी कांग्रेसी प्रत्याशियों द्वारा पालिका अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पूरी तरह फेल रहा। बागी कांग्रेसी पार्षद एवं विपक्ष द्वारा विगत कई दिनों से पालिका परिषद में लाये गए राजनीतिक भूचाल के बीच पालिका अध्यक्ष मृणाल राय अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे। बागी और विरोधी द्वारा मिलकर राजनीतिक दांव पेंच चलने के बावजूद भी वे मृणाल राय की कुर्सी को हिला नहीं सके।

## गड्ढों से मुख्यमार्ग पर आवाजाही मुश्किल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली, 30 जनवरी।** लौहनगरी बैलाडीला बचेली भांसी से होकर जिला मुख्याल दंतेवाड़ा को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग जो की वर्षों से अपनी विकास की राह देख रही है. कई वर्षों पहले बनी यह मुख्य मार्ग इतनी जर्जर हो गई है कि सड़क में गड्ढ़े हैं या गड्ढ़े में सड़क, ये तय करने में भी मुश्किल हो रही है. बारिश के दिनों में इस सड़क पर कीचड़ और पानी भरने से भी लोगों को इस सड़क पर चलना फिरना असंभव तो हो ही जाता है.साथ हि दुर्घटनाओं की भी आशंका कई गुना बढ़ जाती है.

एवं कई लोगों की इसी मार्ग पर दुर्घटनाओं के दौरान जान भी गवानी पड़ी स्थानीय लोग बताते हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित जिले के बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि सिर्फ बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन यहां का विकास नहीं करते इस सड़क पर आए दिन राहगीर घटनाग्रस्त होते हैं, लेकिन अब तक इस सड़क पर सरकार और उनके मुलाजिमों की नजर नहीं पड़ी. जर्जर रोड की वजह से राहगीरों ,यात्री बसों, सहित मालवाहक वाहनों को भी गुजरने में हो रही मुश्किले ऐसा नहीं है की बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि व अधिकारी इस सड़क की स्थिति से अवगतो नहीं है या इस सड़क से होकर गुजरते नहीं है, चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों के वी.वी. आई.पी जनप्रतिनिधि भी इसी मार्ग से गुजरते थे जिनकी सुरक्षा में सुरक्षा बलों के द्वारा आर.ओ.पी भी लगाई जाती थी लेकिन हालात अब तक जस की तस है. स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मानें तो सड़क निर्माण नहीं होने के पीछे सबसे बड़ी लापरवाही पी.डब्ल्यू.डी विभाग की है. स्थानीय लोगों के मुताबिक लगभग 40 किलोमीटर किरंदुल से लेकर जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा तक यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### पीएम मोदी ने परीक्षा में तनाव कम करने विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा के सातवें संस्करण अंतर्गत आज नई दिल्ली के भारत मंडपम से देशभर के विद्यार्थियों को परीक्षा में तनाव कम करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। जिसका सीधा प्रसारण पूरे भारतवर्ष में किया गया। इस प्रसारण को देखने जिले के सभी शालाओं में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्कूलों में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजन किया। जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल के कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी, डीएमसी केके चंद्राकर सहित अन्य स्कूलों के माध्यमिक और हायर सेकंडरी के शिक्षक, बच्चे और पालक उपस्थित थे। इसी तरह अन्य स्कूलों में एवं विकासखंड स्तरीय आयोजन भी किया गया।प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान छात्राएं शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं। माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए।

## स्कूली वाहनों में नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई:आनंद घरड़े




**नारायणपुर, 30 जनवरी।** नारायणपुर जिले में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज यातायात और परिवहन विभाग द्वारा क्रीड़ा परिसर मैदान में जिले में संचालित प्रायवेट स्कूल वाहनों के कागजात , लाइसेंस , सीसीटीवी कैमरे , वाहनों में चालक , परिचालक के नंबर सहित अन्य जांच की कार्यवाही की गई । इस दौरान स्कूल बसों में पाई गई कमियों पर फटकार लगाते हुए समय पर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए है वही कमियों को दूर नहीं किए जाने पर चालान करने की कार्यवाही की बात कही गई । अनिल कुमार घरडे जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि यातायात माह के दौरान यातायात नियमो का पालन करने की जानकारी लोगो , स्कूली बच्चो को देने के साथ ही वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही भी की जा रही है । आज जिले के प्रायवेट स्कूली बसों की चेकिंग क्रीड़ा परिसर मैदान में किया गया , बसों में पाई गई कमियों को दूर करने और स्कूल बसों के चालक , परिचालक लाइसेंस के बारे में भी बताया गया । साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट अवश्य लगाने की बात कही साथ ही नशा कर वाहन न चलाने, नाबालिक बच्चों को वाहन ना देने की बात भी कही। सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोक लगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान किए जाएंगे। जिससे सड़क पर होने वाली दुर्घटना में कमी ला सके। उन्होंने कहा कि इस नगर में कार्यक्रम के साथ साथ जागरूकता रैली, हॉट बाजारों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात जागरूकता कार्यक्रम दिखाया जाएगा। वही यातायात विभाग के अधिकारी वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उस पर कमी लाने के लिए इस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों जैसे बाइक रैली, यातायात जागरूकता रथ, लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, साथ ही साथ जिन गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर ना लगी हो उस गाड़ियों को रोक कर रिफ्लेक्टर लगाने, बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों को भी रोक कर उस पर नंबर लिखवाने की कार्यवाही की जाएगी। नाबालिक बच्चों को वाहन चलाते पाए जाने पर उनके माता-पिता को बुलाकर समझाईश दी जाएगी। साथ ही साथ नशा कर वाहन ना चलाने, व वाहन चलाते समय वाहन की संपूर्ण कागजात साथ में रखकर चलने की बात कही ।

## मिनी स्टेडियम में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया ध्वजारोहण



**महासमुंद।** 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह के 74 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर राष्ट्गान, राष्ट्रध्वज को सलामी दी। शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने परेड निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। उसके पश्चात मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह महासमुन्द के मिनी स्टेडियम में आयोजित किया गया था। मंत्री अग्रवाल ने हर्ष के प्रतीक तीन रंग के गुब्बारें आकाश में छोड़े। इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा व रूप कुमारी चौधरी, पूर्व सदस्य युवा आयोग प्रशांत श्रीवास्तव, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, चंद्रहास चंद्राकार, संदीप दीवान, कलेक्टर प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा, वन मंडलशिकारी पंकज राजपूत,जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक एवं अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। तत्पश्चात् प्लाटून 20वीं वाहिनी छ.ग. सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना महिला प्लाटून, सीनियर डिवीजन एनसीसी, एनएसएस महाविद्यालय, जूनियर डिवीजन एनसीसी, गाईड, स्काउट, एनएसएस बालक-बालिका एवं रेडक्रॉस बालिका के टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट एवं सलामी दी गई। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें शॉल एवं फल देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के 900 छात्र-छात्राओं द्वारा पी.टी. का प्रदर्शन किया गया तथा शिशु संस्कार केन्द्र, शासकीय डीएमएस, आशी बाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेजेस हिन्दी माध्यम, सेजेस अंग्रेजी माध्यम एवं सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा 10 विभिन्न विभागों के शासकीय योजनाओं एवं गतिविधियों की झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी और जवानों तथा एनसीसी, एनएसए., स्काउट गाइड के प्लाटून एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले स्कूल विद्यार्थी टीम को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत कियाशिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभागों की झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल स्कूली विद्यार्थियों, परेड में शामिल होने वाले वरिष्ठ सशस्त्र समूह, परेड वरिष्ठ समूह, परेड कनिष्ठ समूह एवं प्लाटून कमांडरों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान सेजेस अंग्रेजी माध्यम महासमुंद, द्वितीय स्थान शासकीय आशी बाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद और तृतीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद ने प्राप्त किया। इसी प्रकार विभागीय झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान शिक्षा विभाग, द्वितीय स्थान स्वास्थ्य विभाग एवं तृतीय स्थान उद्यानिकी/क्रेडा विभाग ने प्राप्त किया। इसके अलावा परेड वरिष्ठ सशस्त्र समूह में प्रथम स्थान 20वीं वाहिनी छग सशस्त्र पुलिस बल, द्वितीय स्थान जिला पुलिस बल, तृतीय स्थान नगर सेना महिला प्लाटून ने प्राप्त किया। परेड वरिष्ठ समूह में प्रथम स्थान सीनियर डिवीजन एनसीसी, द्वितीय स्थान एनएसएस महाविद्यालय ने प्राप्त किया।

### ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन



**सुकमा, 30 जनवरी ।** हड़मा स्टेडियम सुकमा में 26 जनवरी से 28 जनवरी तक ओपन अंतर राज्य बैडमिंटन डबल एवं सिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डबल क़ो प्रथम 10,000 रूपये व सिल्ड एवं द्वितीय 5,000 रूपये व सिल्ड तथा सिंगल क़ो प्रथम 5,000 हजार रूपये व सिल्ड व द्वितीय को 3,000 रूपये व सिल्ड प्रदान किया गया। इस रोचज मुकाबले में डबल में फ़ाइनल का खेल सुकमा के फरहान व आशीष निषाद एवं जगदलपुर के सलमान एवं पार्टनर के मध्य खेला गया। जिसमे जगदलपुर के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । वही सिंगल प्रतियोगिता में सुकमा के फरहान व जगदलपुर के खिलाडी ने फाइनल में जगह बनाई और बेस्ट ऑफ़ थ्री के मुकाबले में सलामन ने फरहन क़ो पराजित कर सिंगल के प्रथम स्थान में जगह हासिल की। सुकमा कलेक्टर श्री हरिस. एस एवं डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल के द्वारा डबल एवं सिंगल के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा खिलाड़ियों की सराहना की गई एवं क्लब के सभी सदस्यों व बेडमिंटन खिलाड़ियों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। इस आयोजन में विशेष सहयोग के तौर पर मोहम्मद मेहताब हसीना स्टील कंस्ट्रक्शन के द्वारा पुरस्कार की राशि प्रदान की गई सिल्ड एचडीएफसी बैंक की तरफ से प्रदान किया गया।

### टीन शेड निर्माण के लिए 24.80 लाख रुपए स्वीकृत

**कांकेर, 30 जनवरी ।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त वित्तीय अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री मोहन मण्डावी की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा नरहरपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में टीन शेड निर्माण के 05 कार्य हेतु 24.80 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरहरपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बासनवाही में मानस मंच के पास छापरपारा, ग्राम मर्रामपानी में शिव शक्ति धाम के पास बहनापानी और ग्राम पंचायत सुरही के हटवारा चौक के पास शेड निर्माण कार्य हेतु 05-05 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चरभट्ठी में मानस मंच के पास टीन शेड निर्माण हेतु 04 लाख 90 हजार रूपये और ग्राम पंचायत जुनवानी में विष्णु मंदिर के पास कॉमन वर्क शेड निर्माण कार्य के लिए 04 लाख 90 हजार रूपये की स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रदान की गई है।

### शहीद दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**कांकेर, 30 जनवरी ।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह, अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम श्री मनीष साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री मनीष मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



**धमतरी 30 जनवरी ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज धमतरी शहरी में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिहावा चौक स्थित ऑडिटोरियम, शहरी सी मार्ट, बस स्टैंड, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट मुजगहन का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री गांधी ने लगभग 3 करोड़ 80 लाख की लागत से निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का अवलोकन कर समय सीमा में पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इसे पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऑडिटोरियम निर्माण एवं इसमें लगे सामग्रियों की गुणवत्ता से समझौता किये बिना कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के लिए कहा।बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यात्रियों के लिए स्टैंड में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और रैन बसेरा की व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने रैन बसेरा में आने-जाने वालों की रजिस्टर में एंट्री और किराया सूची भी देखी तथा बस स्टैंड में असामाजिक तत्वों की निगरानी के लिये नियमित रूप से पुलिस गश्त करने को कहा। उन्होंने बस स्टैंड में उपलब्ध दुकानों, उनके आवंटन और आमदनी की जानकारी भी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।ग्राम मुजगहन में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन कर कलेक्टर सुश्री गांधी ने शहर से आने वाले गंदे पानी को उपचारित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्लांट शुरू होने के बाद पानी की गुणवत्ता का परीक्षण कर उसका डाटा तैयार करने कहा। ज्ञात हो कि मुजगहन-लोहरसी पुल के पास 30.31 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए शहर के गंदे पानी को उपचारित कर सार्वजनिक निस्तार, निर्माण, सिंचाई इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसकी क्षमता 19.60 एमएलडी है। इसके बाद कलेक्टर ने निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण प्लांट का निरीक्षण कर इसकी प्रक्रिया की जानकारी ली और प्लांट को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री गांधी ने रत्नाबांधा स्थित जिला ग्रंथालय का निरीक्षण कर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं यहाँ आने वाले पाठकों को अनुकूल परिवेश प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस मौके पर उपस्थित ग्रंथालय के प्रभारी से जिला ग्रंथालय में उपलब्ध सुविधा, ग्रंथालय के समय सारिणी, पुस्तकों की समुचित उपलब्धता आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे नवयुवकों से बातचीत कर जिला ग्रंथालय के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा की तैयारियों के अलावा बैंकिंग, व्यापम, एससीसी, रेलवे आदि परीक्षाओं की तैयारी करने की जानकारी दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पूरी ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने कहा। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम, आयुक्त नगरनिगम धमतरी श्री विनय कुमार पोयाम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुपोषण से मुक्ति के लिए चलेगा पोषण कार्यक्रम

**महासमुंद।** कुपोषण मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को ज़िला पंचायत के सीईओ एस आलोक जिला पंचायत परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके जरिए गांव-गांव घर-घर से कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाएगी, इन चिन्हित लोगों की उनके निकटतम आंगनबाड़ी पर जांच की जाएगी।

एक नजर

## सिविक एक्शन में उपयोगी सामान बांटे



**बीजापुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के पेद्दापारा (बुर्जी) कैम्प में 222 वी वाहिनी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कृषि, घरेलू उपयोग एवं खेल के सामानों के वितरण का आयोजन विनोद कुमार मोहरिल कमांडेंट 222 वी बटालियन के नेतृत्व में बी/222 समवाय पेद्दापारा (बुर्जी) बीजापुर में दिनांक 28/01/2024 को अधिकारियो एवं जवानों द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रो के बद्देपारा, नयापारा, बुर्जी एवं गंगालूर गाँव के ग्रामीणों को सिविक एक्शन प्रोग्राम के आयोजन के तहत कृषि, घरेलू एवं खेलो के दौरान उपयोग की जाने वाली बस्तुये जैसे- गैंती, फावड़ा, दराती, परात, खुरपी, वालीबाल, फुटबाल इत्यादि वितरण किया गया। इस अवसर पर बी/222 बटालियन के कम्पनी कमान्डर श्री विनोद कुमार (सहायक कमांडेंट), निरीक्षक/जीडी जितेन्द्र कुमार व अन्य जवान, सरपंच एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके लिए सरपंच तथा ग्रामीणों ने 222 बटालियन के जवानों को धन्यवाद कहा।

## बालिका सशक्तिकरण, बाल संरक्षण बेटी बचाओ बेटी पढाओ का प्रचार किया



**बीजापुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण बाल संरक्षण के लिए समाज में जनजागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से बालिकाओ के अधिकार एवं संरक्षण तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज चलित झांकी के माध्यम से जवलन्त सामाजिक कुरूती बालश्रम, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, नवजात शिशु की हत्या का सजीव प्रदर्शन कर जागरूक किया जा रहा है।

झांकी के सामने नुक्कड टीम के द्वारा जागरूकता संदेश प्रसारित किया गया कि देखो-देखो कब तक अपने आसपास में बालश्रम, बाल विवाह, बाल नशा व्यशन, कन्या भ्रूण हत्या, शाला त्यागी बालिकाओं स्कूल से जोडने के संबंध में जागरूक किया गया और बताया गया कि कब जागेगे हम विरोध करेगें बताओ-बताओ ए शिक्षित सभ्य समाज आओ आज यहां उपस्थित हम सब गंणतत्र दिवस में प्रण दे बालश्रम, बाल नशा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, अनचाहे बच्चे को फेकना, बालिका शिक्षा, समाजिक आर्थिक कारण से अवरूद्ध होने नहीं देगें।

## धमनी स्कूल के बच्चों ने लाइव देखा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम




**फिंगेश्वर, 30 जनवरी।** संकुल केंद्र किरवई के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमनी के छात्रों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुना। शाला के बच्चों ने टेलीविजन के माध्यम से भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा न केवल भारत देश के ब्लकि अन्य देशों के छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया। प्रधानमंत्री जी ने बच्चों के हर सवालों का बहुत ही सहज और व्यवहारिक जबाब दिया।

इस दौरान प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा को लेकर होने वाले मानसिक तनाव को दूर करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, बेहतर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। शाला के बच्चों ने प्रधानमंत्री के सुझावों को ध्यान से सुना। शिक्षक महेन्द्र पंत ने भी छात्रों को परीक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुखेन साहू, प्रधान पाठक प्रीती नायक, पदमनी साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत,उत्तम भारती, अनिता राजपूत, मनीषा दीवान, योगेश साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा पालक गण उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल में छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री की बातें सुनने के लिए विशालकाय टीवी और साउंड बॉक्स लगाए गए

# पीएम मोदी ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में तनाव से दूर रहने की दी सलाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 30 जनवरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परीक्षा पर चर्चा में बच्चों को तनाव से दूर रहकर परीक्षा देने की नसीहत दी और उसके फायदे भी बतलाएं साथ ही बच्चों के द्वारा पूछे गए अनेक सवालों का जवाब सीधे विभिन्न टेलीविजन चैनल दुरदर्शन टीवी के माध्यम से दिया इस अवसर पर गरियाबंद के आत्मानंद विद्यालय में बच्चों के लिए विशेष रूप से प्रसारण को देखने और सुनने की सुविधा उपलब्ध कराया गया था। इस अवसर पर जिला के उच्च अधिकारी एवं विभिन्न जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

गरियाबंद जिले के सैकड़ो बच्चों ने आज अपनी उपस्थिति देकर प्रधानमंत्री के द्वारा दिए गए परीक्षा के टिप्स को लेकर उत्साह देखा गया इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने छात्र छात्रों से कहा परीक्षा के पहले और बाद में वे तनाव बिल्कुल ना ले तनाव लेने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता बल्कि जितना हो सके मानसिक रूप से शांत और एकाग्रचित होकर परीक्षा की तैयारी करे निश्चित रूप से सफलता मिलेगी बस जरूरत है तो मेहनत करने की स्कूलों में पढ़ाने वाले विषयों पर एकाग्रचित होकर ध्यान देने की ।इस अवसर पर गरियाबंद के जिलाधीश दीपक अग्रवाल जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एसडीएम विशाल महाराणा के साथ ही डीएमसी डी के नायक व विभिन्न जनप्रतिनिधि गण विशेष रूप से उपस्थित रहे आज के टीवी प्रसारण में छत्तीसगढ़ बस्तर के दो छात्र-छात्राओं को भी प्रश्न पूछने का मौका मिला जिसमें एक सुकमा की तो दूसरा काँकेर के बच्चे शामिल रहे । इस अवसर पर गरियाबंद जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के परीक्षा को लेकर तनाव मुक्त के विचार छात्र-छात्राओं के लिए काफी फायदेमंद रहेगा और बच्चे एकाग्रचित होकर परीक्षा दे सकेंगे जिनका अच्छा परिणाम भी आगामी समय देखने को मिलेगा

## स्ट्रीट चिल्ड्रन, बाल श्रमिक,भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू के लिए सभी वार्डों में किया गया प्रचार-प्रसार




**बीजापुर 29 जनवरी ।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन एवं कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले में सड़क पर रहने वाले बच्चों, बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू एवं पुर्नवास हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग द्वारा इस अभियान की क्रियान्वयन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस अभियान के तहत ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे सड़को पर रहते है। और रात में निकट के झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले अपने परिवारो के पास वापस आ जाते है, ऐसे श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तर जीविका भोजन, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार संघर्षो एवं चुनौतियो का सामना करते है उन बच्चों का चिन्हांकन कर उनका संरक्षण प्रदान करने शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराने उनके परिवारो को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके प्रशिक्षण एवं उनके रोजगार की व्यवस्था हेतु विभिन्न विभाग के समन्वय से कार्य योजना अनुसार 12 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में भ्रमण के दौरान इस प्रकार से कोई भी बच्चा जो कि संघर्ष से जीवन यापन कर रहे है। उनकी सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग को उपलब्ध कराये। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि चिन्हांकित बालको को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं नियम 2018 के प्रावधानो के अनुसार पुर्नवास की कार्यवाही किया जाना है। साथ ही पोर्टल पर सभी बच्चो की जानकारी संधारित किया जाना है। स्ट्रीट सिचवेशन वाले बच्चो के रेस्क्यू हेतु तत्काल जिला बाल संरक्षण ईकाई को सूचित किया जाना है। ऐसे बच्चों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानो के अनुसार पुर्नवास की प्रक्रिया किया जाना है। बच्चो के बेहतर भविष्य एवं उनके परिवारो को कौशल उन्नयन से जोडते हुए बच्चो के स्वास्थ्य एव शाला प्रवेश तथा उनकी शिक्षा निरंतर रखने एवं उनके आश्रय रहने हेतु उपाय किया जावेगा। स्ट्रीक चिल्ड्रन वाले बच्चों के लिए यह एक सतत् प्रक्रिया है। इस कारण अभियान के समाप्ति के पश्चात भी बच्चों का सतत् रूप से चिन्हांकन एवं बाल स्वराज के पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही की जावेगी।

## गैस लीक,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई पुरैना भिलाई तीन में स्थित एनएसपीसीएल में हुए गैस लीक मामले में ठेका श्रमिक की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है मामले में पुलिस ने एनएसपीसीएल प्रबंधन और बिंदल ठेका कंपनी प्रबंधन और सुपर वाइजर के खिलाफ धारा 284, 337 के तहत कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती कोहका निवासी एस कुमार समेत अन्य कर्मियों का काम पावर प्लांट 2 ए साईड बायलर 1 सातवां प्लोर में चल रहा था। जहां पर दीपक चौधरी, मनिंदर सिंग, डी शंकर राव काम पर थे। चारों ठेका श्रमिक बिंदल ब्रदर्स ठेका कंपनी में कार्यरत है। गैस लीक की जानकारी भी कंपनी के जिम्मेदार कर्मी को दिया गया लेकिन किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई। ठेका श्रमिक अपने काम में जुट गए थोडे देर बाद उन्हें उल्टी चक्कर आने की शिकायत हुई। फिर बेहोश हो गए। जिन्हें चेक कर उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। लेकिन चेक करने पर एनएसपीसीएल कंपनी में अमोनिया गैस लीक होने की जानकारी मिली। इसे लेकर प्लांट प्रबंधन और बिंदल ठेका कंपनी की लापरवाही के घटना हुआ है।

## कांग्रेस से आनंद पवार ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से दावेदारी पेश की



**राजिम, 30 जनवरी।** विधानसभा के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारी है दावेदार अब सामने आने भी लगे हैं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस की ओर से धमतरी के युवा नेता आनंद पवार ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नाम दिए आवेदन में आनंद पवार ने कहा है कि वह धमतरी विधानसभा के रहवासी है यह क्षेत्र महासमुंद संसदीय क्षेत्र क्रमांक 9 में आता है वह पिछले 20 वर्षो से कांग्रेस पार्टी के सेवा में सक्रिय रहते हुए जिला, लोकसभा एवं राज्य स्तर पर विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है उन्होंने अपने बायोडाटा में उल्लेख किया है कि वह महासमुंद लोकसभा के प्रथम निर्वाचित युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पर रह चुके हैं। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि में उल्लेख है कि दादा स्वर्गीय भोपाल राव पवार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं उन्होंने अलग-अलग समय रहे पद का उल्लेख किया है वर्तमान में आनंद पवार मां विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। श्री पवार ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नाम पत्र देकर दावेदारी पेश की है। पत्र की प्रतिलिपि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, स्क्रीन कमेटी के चेयरपर्सन, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री को भी भेज दिया है।

## नगर पालिका कर्मचारियों को 4 माह का वेतन रुकने से हो रही आर्थिक परेशानी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 30 जनवरी।** स्थानीय नगर पालिका परिषद के अंतर्गत कार्यरत स्थाई सफाई कर्मचारियों तहसील आफिस के सामने धरना स्थल पर बैठ गए व रुके हुए 4 माह का वेतन देने की मांग करते हुए मौन धरना प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियो ने बताया कि पिछले 4 माह से वेतन नहीं होने के कारण उनके सामने गुजर बसर की समस्या आन पड़ी है। भुगतान को लेकर सफाई कर्मचारियों ने को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंच मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा को सौंपकर मंगलवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया था कि नगर पालिका डोंगरगढ़ के अंतर्गत सभी स्थाई सफाई कर्मचारियों का 4 माह से एवं अस्थाई सफाई कर्मचारियों का 2 माह से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण इन सभी सफाई कर्मचारियों का अपने परिवार का पालन पोषण करने में असुविधा हो रही है और स्थिति दयनीय है क्योकि इस काम के अलावा इनके पास कोई दूसरा साधन नहीं है। अगर शासन- प्रशासन का यही हाल रहा तो कर्मचारी और उनका परिवार भूखा मर जाएगा, इन सब कारणों से भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन में रोष व्याप्त है। 5 दिनों के भीतर वेतन संबंधित समस्या को दूर नही किया गया तो भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन सभी सफाई कर्मचारी के समर्थन में नगर पालिका का घेराव करने के लिए मजबूर है। इसके बाद भी उचित समाधार ना नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष नरेश करसे, मनोज कुमार, विनोद करसे, रेशमा, प्रकाश, विक्रम, कृष्णा, सुखदेव, राजीव गुप्ता, रामखिलावन, सीमा, माया बाई, चतुर, राजेभ सिन्हा, राजश्री, सुरेश रगडे, अनिता बाई वर्मा, देवीचंद निषाद, गणेश, शेखर, मनोज कुमार, प्रकाश, महेंद्र करसे, घनश्याम, प्रीतम समुंद्रे, गोविंद, माखन, रामरतन, महेंद्र पांडे, सुमित, सुरेश, सुनील उपस्थित थे।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का मामला पहुँचा कलेक्टेट



**बीजापुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** बीजापुर भोपालपटनम मुख्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा जनप्रतिनिधियों का अपमान करने के मामले को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में भोपालपटनम ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों ने आयोजन समिति पर कार्यवाही की माँग को लेकर कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि ब्लॉक मुख्यालय भोपालपटनम् में दिनांक 26 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय पर्व, गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया था। जिसके फलस्वरूप सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण भी उक्त समारोह में सम्मिलित हुए. किन्तु आयोजन समिति ने वहां उपस्थित श्रीमती निर्मला मरपल्ली, अध्यक्ष, जनपद पंचायत भोपालपटनम, सुश्री रिंकी कोरम, अध्यक्ष, नगर पंचायत भोपालपटनम श्री संतोष बोर, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत भोपालपटनम एवं उपरिस्थत 13 पार्षदों की घोर उपेक्षा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष वेंकटेश्वर यालम के मुख्य अतिथि में ध्वाजारोहण कराया गया।

ज्ञापन में यह भी कि छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा जारी आदेश क्रमांक एफ 10-13/2023/1-5 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 01/01/2024 के माध्यम से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के अवसर पर समारोह का आयोजन के संबंध में निर्देश प्रसारित किया गया था। जिसमें स्पष्ट रूप से जनपद पंचायत/तहसील स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वाजारोहण किया जायेगा एवं राष्ट्रगान होगा का उल्लेख किया गया है किन्तु ब्लॉक मुख्यालय भोपालपटनम में आयोजित ध्वाजारोहण कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा उक्त आदेश का अवहेलना कर राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष वेंकटेश्वर यालम के द्वारा ध्वाजारोहण कराया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सार्वजनिक रूप से अपमान किया गया। जबकि भाजपा मण्डल अध्यक्ष वेंकटश्वर यालम न तो निर्वाचित जनप्रतिनिधि है और न ही किसी संवैधानिक पद पर है साथ ही विदित हो कि शासन-प्रशासन द्वारा जहां एक ओर नारी शक्ति को सम्मान देने की बात कही जाती है तो वहीं दूसरी ओर मुख्य समारोह में उपस्थित आदिवासी महिला जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता है, वह भी ऐसे मौके पर जब हम सब मिलकर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मना रहे है। 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू कर हम सबको मौलिक अधिकार प्राप्त हुआ है। लेकिन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन ही आयोजित मुख्य समारोह में संविधान की धज्जियां उडाते हुए जनप्रतिनिधियों को प्राप्त मौलिक अधिकारों का हनन किया गया। अतः उक्त राष्ट्रीय पर्व, गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के आयोजन में जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करने का कष्ट करेंगें अन्यथा हम सभी जनप्रतिनिधि सभी शासकीय कार्यक्रमों का बहिष्कार कर अन्दोलन करने हेतु बाध्य होंगें। सौंपे गये ज्ञापन के साथ जनप्रतिनिधियों ने ऐसे ही एक मामले में ग्राम पंचायत तरेना-86 जनपद पंचायत ब्यावरा (मध्यप्रदेश) के घटना का उल्लेख किया है जिसमें एक कर्मचारी की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई थी जिसके आदेश की प्रति भी संलग्न की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, ज़िला पंचायत सदस्य सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष निर्मला मरपल्ली, जनपद उपाध्यक्ष मिच्छा मुतैया, नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकी कोरम, नगर पंचायत भोपाल पटनम के सभी पार्षद, ज़िला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुखदेव नाग सहित बड़ी संख्या में जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं पोटाकेबिन नैमेड़ में हुआ परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण



**बीजापुर,30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान छात्राओं , शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रुप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौकरी की भूमिका में नही है बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते है। माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नही बनाना चाहिए। छात्र और शिक्षको के बीच का बंधन पाठयक्रम और पाठयचर्चा से परे होना चाहिए। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंदिता के बीज कभी न बोएं। बल्कि भाई-बहनों को एक-दूसरे के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। अपने सभी कार्यो और अध्ययन मे प्रतिबद्ध और निर्णायक बनने का प्रसाय करे। यदि आपके पास वह अभ्यास है तो परीक्षा हाल का अधिकांश तनाव दूर हो जाएगा। प्रौधोगिकी को बोझ नहीं बनना चाहिए। इसका विवेकपूर्ण उपयोग करे। सही समय जैसा कुछ नहीं है। इसलिए इसका इंतजार न करें। चुनौतियां आती रहेगी और आपको उन चुनौतियों को चुनौती देनी होगी। यदि लाख चुनौतियां है तो अरबो समाधान है। असफलताओं से निराशा नही होनी चाहिए। हर गलती एक नई सीख है। उचित शासन के लिए नीचे से ऊपर तक उत्तम सूचना की व्यवस्था और ऊपर से नीचे तक उत्तम मार्गदर्शन की व्यवस्था होनी चाहिए। मैने अपने जीवन में निराशा के सभी दरवाजों और खिड़किया बंद कर दी है। उक्त वक्तव्य में बच्चों के उत्साहपूर्वक सुनकर नई ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम के पश्चात् कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बच्चों को शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहने की सलाह दी। स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मन बसता है जो हमे नई ऊर्जा देती है। कलेक्टर ने नियमित रुप से समाचार पत्र पढ़ने अपने सामान्य ज्ञान को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। देश-दुनिया के खबरों से हमेशा अपडेट रहने की समझाइस दी। वहीं पोटाकेबिन में बच्चों से मिलने आए पालको से बच्चों की शिक्षा उनका आवश्यकता एवं समस्याओं के प्रति गंभीर रहने और समय-समय पर संस्था के शिक्षकों को सूचित करने की समझाईस दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं शिक्षक-शिक्षिको तथा पालको ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा संबोधन को तन्मयतापूर्वक सुना।

# पीएम के परीक्षा पे चर्चा से बच्चों का बढ़ा आत्मविश्वास

**राजिम, 30 जनवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा (सातवा संस्करण) कार्यक्रम का प्रसारण टीवी के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों शिक्षकों एवं अभिभावकों से बातचीत कर उनके साथ मूल्यवान सुझाव साझा किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि छात्र तनावमुक्त होकर परीक्षाएं दे। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम प्रगति मैदान मेंआयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के सातवे संस्करण में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को दूर करते हुए कहा कि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है।अगर हमें जीवन में कुछ करना है तो एक क्वालिटी विकसित करना चाहिए किसी में भी अगर हम गुण देखते हैं तो उसके पुजारी बनते हैं.अगर हम ईर्ष्या भाव पनपने देते हैं तो हम कभी बड़े नहीं बन सकते है।हम औरो की शक्तियों को जानने का सामर्थ्य विकसित करेंगे तो आगे निश्चित सफलता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों को पहले खुद को समझने की जरूरत है। खुद को जानना जरूरी है.छात्र यह भी देखें कि कौन सी बातें उन्हें सहज रूप से मोटिवेट करती है उसे पहचाने और अपनी उस योग्यता एवं कौशल को विकसित करें माता-पिता से मैं कहना चाहूंगा कि आप अपने सपनों, आकांक्षाओं को अपने बच्चे में डालने की कोशिश ना करें।परीक्षा में कभी घबराना नहीं चाहिए, जिन सवालों के जवाब आपको आते है, उन्हें पहले हल



करें और शेष सवालों के लिए फिर आपके पास पर्याप्त समय बच जाता है जिससे आप आराम से सवालों को समझकर हल कर सकते हैं. लिखने में ज्यादा बल दे.एक अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार के साथ साथ योग-व्यायाम व खेल भी जरुरी है.जीवन में प्रतिस्पर्धा जरुरी है,इसके बिना जीवन प्रभावहीन होगा.सभी को चुनौतियों का सामना करना चाहिए. अपने मन में कभी निराशा मत आने दे और आत्मविश्वास, लक्ष्य एवं दृढ़ विश्वास के साथ ईमानदारी पूर्वक कार्य करें तो निश्चित सफलता मिलेगी.इस अवसर पर आँध्रप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, त्रिपुरा,उड़ीसा, राजस्थान, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पाण्डुचेरी, महाराष्ट्र, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों के छात्र,शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा प्रश्न पूछते हुए मार्गदर्शन करने की बात कही.कार्यक्रम के संपन्न होने पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि आगामी एक-दो मार्च से दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा होने वाली है अतः आप सभी सकारात्मक सोंच रखते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं और अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर घर,परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरे, संकुल समन्वयक भुवन यदु, शिक्षक नंदकुमार यादव, कृपा राम बघेल, मोहन लाल साहू,नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,दुष्यंत साहू, तोमन साहू ,भृत्य आकाश सूर्यवँशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।*

## धान खरीदी की समय सीमा में हो वृद्धि: मंडावी

**बीजापुर।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने सरकार से माँग की है धान ख़रीदी की तिथि में और वृद्धि हो, उन्होंने अपने विज्ञप्ति में कहा



है कि बीजापुर जिले में धान की बुआई और कटाई देर से होती है। वही दूसरी ओर 21 क्विंटल प्रति एकड़ व 3100/- प्रति क्विंटल की दर से अपना धान बेचने का इंतज़ार जिले के किसान कर रहे है यही कारण है कि अभी भी जिले में बड़ी संख्या में किसानों ने अपने धान को नहीं बेचा है तो ऐसे में धान खरीदी की समय सीमा बढ़ानी चाहिये।

## एक नजर

### घर घुसकर मारपीट व छेड़खानी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



भाटापारा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। घर अंदर घुसकर मारपीट, छेड़खानी करने वाले 02 आरोपीयों को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में आरोपी 01. जगदीश मानिकपुरी निवासी बजरंग वार्ड उम्र 28 वर्ष निवासी बजरंग वार्ड 02. मनीष जैन पिता कन्हैया जैन उम्र 32 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड को गिरफ्तार किया प्रकरण में प्रार्थिया ने बताया 29/01/24 को समय 1.30 बजे दिन मे जगदीश मानिकपुरी अपने अन्य एक साथी के साथ मेरे घर पर आया उस वक्त मेरे माता पिता जी घर पर नही थे घर के अन्दर घुसकर मुझे अपने दोस्त के साथ मेरे छोटी बहन और भाई के सामने मुझे कल तुम मेरे घर किस्त के बारे मे बातचीत करने के लिए क्यूं गयी थी कहकर दोनो बेईज्जती करने के नियत से मेरे हाथ बाह को पकडने लगे जिसे देखकर मेरे छोटे भाई बहन छुडाने के लिए आये जिन्हे धक्का दे दिया प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 354, 452, 323, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। दौरान विवेचना के जगदीश दास मानिकपुरी, मनीष जैन को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया जो घटना कारित करना स्वीकार किया कि।

### तिल्दा नेवरा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



तिल्दा-नेवरा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा में 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मना गया नेवरा गांधी चौक में ऐतिहासिक पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बीजेपी नेता मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल ने ध्वज फहराया तो संस्कित कार्यकर्म भी आयोजित किया स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। बद्री नारायण हाई स्कूल में नरेंद्र शर्मा सुभाष चौक में गणेश शर्मा सशहोली सौरभ जैन श्यामा प्रशाद मुखर्जी चौक में राम पंजवानी सहित शासकीय कार्यालय न पालिका में अध्यक्ष लमीक्षा गुरु डहरिया पंडित दिन दयाल चौक गुरु घासी दास चौक खूब चंद चौक सहित अनेक स्थानों में 26जनवरी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

### बिलाड़ी सोसायटी में किसानों ने जड़ दिया ताला



तिल्दा-नेवरा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा किसानों के धान खरीदी केंद्र बिलाडी में किसान आक्रोश में है सोसायटी में धान खरीदी बंद होने से किसान नाराज है और सोसायटी में अव्यथा के चलते किसान परेशान है। बताया जाता है की करीब बीस गाड़ी खड़ी है सेकडो की संख्या में किसान धान बेचने आए है।

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर चन्दन कुमार ने सोमवार को जनचौपाल में दूर दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनचौपाल में दिव्यांग जमुनी बानो, उषा ध्रुव ने मोटराइज्ड ट्राइसिकल तथा राजेश साहू ने श्रवण यंत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर कुमार ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को तत्काल आवश्यक उपकरण प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम ने बलौदाबाजार निवासी जमुनी बानो, सिमगा नवागांव निवासी उषा ध्रुव को मोटराइज्ड ट्राइसिकल तथा ग्राम कंजी निवासी जितेन्द्र कुमार को श्रवण यंत्र प्रदाय किया।जनचौपाल में कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे प्रधानमंत्री आवास, समय सीमा एवं सामान्य प्रकार के आवेदन शामिल है। ज्ञातव्य है कि लोगों की समस्याओं का जल्द निराकरण के लिए कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जाता है। जनचौपाल में कलेक्टर स्वयं लोगों की समस्या सुनते है और जल्द निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते है।

### प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा के 7वे संस्करण में परीक्षा के तनाव से बचने दिए टिप्स

# पीएम ने परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने छात्र-छात्राओं को टिप्स दिए

- प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से ऑनलाइन जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से हुए रूबरू
- स्वामी आत्मानन्द चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सीधा प्रसारण का किया गया अनुश्रवण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 30 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं पालकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में उक्त समंबन्ध में तनाव दूर करने के लिए परीक्ष पे चर्चा के 7 वे संस्करण को संबोधित किया। परीक्षा पे चर्चा 2024 का कार्यक्रम सोमवार को भारत मण्डपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में प्रातः11 बजे शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से ऑनलाइन जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रश्नों का जवाब देने के साथ ही उनके शंकाओं का समाधान भी किया। स्वामी आत्मानन्द चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में कलेक्टर चंदन कुमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, समाज सेवी विजय केशरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, प्राचार्य सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम के सीधा प्रसारण का अनुश्रवण किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा के समय विद्यार्थी अनावश्यक तनाव या दबाव अपने मन मे न लाएं बल्कि परीक्षा को एक उत्सवके रूप में लेते हुए उमंग और उत्साह का वातावरण बनाएं। परीक्षा हॉल में 10 -15 मिनट पहले ही प्रवेश कर अपने स्थान पर इत्मीनान से बैठ जाये और गंभीर होने के बजाय हंसी -मजाक या चुटकुले सुनाकर अपने ऊपर तनाव बिल्कुल भी न आने दें। केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित करें। परीक्षा हॉल में प्रश्न पत्र मिलते ही पहले पूरे प्रश्न को ध्यान से पढ़ें। उसके बाद जिन प्रश्नों के हल अच्छी तरह याद है उसे पहले हल करें। उन्होंने कहा कि अपने आपको किसी भी प्रकार के तनाव को झेलने में सामर्थ्यवान बनाने के लिए तैयार करना होगा। यदि हम मन से किसी बात को तय करें तो किसी भी दबाव को कम किया जा सकता है। कुछ दबाव ऐसे होते है जिन्हें हम खुद पैदा करते हैं। हममें इतनी दबाव नही होनी चाहिए जिससे कि हमारी सामर्थ्य ही टूट जाये।विद्यर्थियों के तनाव को दूर करने के लिए पूरे शिक्षक एवं माता - पिता को संज्ञान लेना होगा। परिवार ऐसे दबाव को कैसे कम करते है इसकी भी चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में स्पर्धा व चुनौती आवश्यक घटक है बिना स्पर्धा के जीवन व्यर्थ है। स्पर्धा का स्वस्थ्य वातावरण बने यह भी जरूरी है। जाने -अनजाने में घर -परिवार में विकृत प्रतिस्पर्धा न आने दें, ईर्ष्या भाव भी कभी न आने दें। दोस्तों से हमेशा सीखने का प्रयास करना चाहिए।प्रधानमंत्री ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से न करें और न ही विकृत प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाकर बच्चे को दबाव महसूस होने दें। परीक्षा को सामान्य कालखंड मानते हुए बहुत ही सामान्य व्यवहार रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों में तनाव दूर करने में मदद कर सकते है। शिक्षक और विद्यार्थी का नाता केवल कालखंड या परीक्षा तक ही सीमित न रहे बल्कि अपनेपन का नाता हो, एक दूसरे से लगाव हो।



### प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों से की बात



कसडोल, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर भाजपा मंडल कसडोल उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी के नेतृत्व में स्थानीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल कसडोल में शामिल हुए ! इस अवसर पर मोदी जी ने कहा कि हमें किसी भी दबाव को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि दबाव इतना भी नहीं होना चाहिए कि उसका असर हमारी क्षमताओं पर पड़े। हमें किसी भी प्रक्रिया को चरम सीमा तक नहीं खींचना चाहिए, बल्कि धीरे-धीरे विकास करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माता-पिता, शिक्षकों या रिश्तेदारों द्वारा समय-समय पर नकारात्मक तुलना की जाने वाली 'रनिंग कमेंटरी' विद्यार्थी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह फायदे से ज्यादा नुकसान करती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल कसडोल के उपाध्यक्ष डॉ.सुदीप मानिकपुरी, मंडल महामंत्री रामचंद ध्रुव, स्कूल के प्राचार्य संतोष वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित सभी शिक्षक गण और स्कूल के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### जिपं सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का किया निरीक्षण



सिमगा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के द्वारा ग्राम पंचायत औरेठी में आंगनबाड़ी निर्माण, स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का निर्माण दरचुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अधुरे कार्यो का निरीक्षण किया गया। वही ग्राम पंचायत तुलसी के सामुदायिक शौचालय, व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य, अमृत सरोवर के लिये स्थल निरीक्षण तथा स्कूल भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। हायर सेकेण्डरी स्कूल तुलसी के छात्रों से चर्चा करके आगामी बोर्ड की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने एवं परीक्षा की सुनियोजित तैयारी तथा तनाव न लेते हुये, पाठयक्रम के अध्ययन करने हेतु विस्तार से चर्चा किया गया। तत्पश्चात सिमगा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में महात्मागांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास, एनआरएलएम, एसबीएम जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। सीईओ जैन द्वारा नरेगा के नियोजित श्रमिक के संबंध में संतोष जाहिर किया गया। अमृत सरोवर कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास के कार्यो में प्रगति लाने उनके द्वारा निर्देशित किया गया।

### गणतंत्र दिवस पर मंत्री ने किया कर्मियों का सम्मान



सिमगा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जनपद पंचायत सिमगा के कम्प्यूटर ऑपरेटर को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा एवं कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जनपद पंचायत सिमगा में कार्यरत प्रहलाद सेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर को उत्कृष्ट कार्य करने पर युवा खेल राजस्व आबदा मंत्री टंकराम वर्मा एवं बलौदाबाजार-भाटापारा कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर हौसला अफ्जाई किया, साथ ही जनपद पंचायत सिमगा में दुर्गेश देवांगन, भृत्य एवं भरत मानिकपुरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर को सुनिल माहेश्वरी, वीणा आडिल अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा एवं सीईओ सिमगा अमित दुबे ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया। इसी तारतम्य में व्ही.जी.साहू सहायक ग्रेड -02 के अद्धिवार्षिकी पूर्ण होने पर जनपद पंचायत सिमगा द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर कर बिदाई दी गई। इसी तारतम्य में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद अध्यक्ष वीणा आडिल ने झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सिमगा के प्रभारी लेखापाल कौशल कुमार पटेल, पिताम्बरदास मानिकपुरी सहायक ग्रेड 03, ओमप्रकाश साहू कम्प्यूटर, एसडीओ लव डोंगरे, तरूण साव, शिवेश वर्मा, युगल वर्मा, सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया तथा दस्तावेजो एवं फर्नीचरों का व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी कक्ष, सहायक संचालक कक्ष, स्थापना शाखा, लेखा शाखा, कम्प्यूटर कक्ष सहित अन्य कक्षो का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान स्वामी आत्मानन्द चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पुस्तकालय निर्माण के लिए स्थल का भी अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तकालय निर्माण के लिए सभी पहलुओ को ध्यान रखने के निर्देश दिए ताकि बच्चों के लिए सुविधाजनक हो। इस दौरान सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अल्ट्राटेक सीमेंट में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 30 जनवरी। अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में बहुत हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के यूनिट हेड देवनाथ गुहा ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। तदोपरांत देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे कंपनी सिक्योरिटी एवीपीएस स्कूल, बीटीसी, सी जी बोर्ड स्कूल, एवम बैकुंठ निवासी आम जन ने बैकुंठ मेन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया यूनिट हेड देवनाथ गुहा द्वारा ध्वजारोहण कर कार्य क्रम की शुरुआत की गई तात पश्यत परेड निरीक्षण, परेड में सिक्योरिटी गार्ड एनसीसी कैडेट, बीटीसी के छात्र एवम ए बी पी एस स्कूल के छात्र छात्राएं समलित थे।एवम कार्य क्रम में प्लांट के समस्त उच्च अधिकारी कर्मचारीगण, स्कूल के प्राचार्य शिक्षकगण बीटीसी के छात्र और स्कुल के छात्र छात्राएं ने हिस्सा लिया एवम कई प्रकार के संस्कृति कार्यक्रम के साथ आयोजन की समाप्ति की गई। अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के यूनिट हेड देवनाथ गुहा ने कहा कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद दिलाने के साथ ही संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। देश के विकास के लिए नवाचार की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को प्रयास करना पड़ेगा। हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा ईमानदारी के साथ करें।



### लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन

# जर्जर मार्ग पर हो रहे हादसे, जिम्मेदार कुंभकर्णी निद्रा में

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 30 जनवरी। गरियाबंद जिले के छुरा इलाके मे सोमवार को फिर एक वाहन सवार लोकनिर्माण विभाग के गैरजिम्मेदाराना का शिकार हो गया है, छुरा से कोमखान जाने वाले मार्ग पर ग्राम चरौद के पास सड़क एक बार फिर बड़ी दुर्घटना सामने आई दोपहर 3बजे के आसपास कि बताई जा रही है महाराष्ट्र से टूरिस्ट छत्तीसगढ़ मंदिर भ्रमण करने आए थे तभी छुरा से कोमखान रोड पर से जतमई घटारानी जा रहे थे उसी बीच ग्राम चरौद के बीच सड़क में गाय आ जाने के कारण गाड़ी को रोड के किनारे से उतर रहे थे सड़क किनारे साइड पट्टी नहीं होने के करण गाड़ी पेड़ से जा टकराई गाड़ी पर बैठे दो टूरिस्ट को गंभीर चोट आई है जिसमें से एक का कमर फैक्चर बताया जा रहा है वही दोनों का इलाज छुरा उप स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

इस घटना के बाद लोगो मे लोकनिर्माण विभाग के खिलाफआक्रोश व्याप्त है घटना का कारण सड़क के साइड पट्टी मे गड्डे को बताया जा रहा है हमारे तरुण छत्तीसगढ़ के संवाददाता ने प्रमुख्यता से समाचार लगाया था उसके बाद भी शासन-प्रशासन कुम्भकरणी निंद्रा में लीन हैं। वही आपको बताना लाजिमी होगा कि इससे पहले भी लोक निर्माण विभाग की लापरवाहीं देखने को मिली है। 14 जनवरी को छुरा से कोमखान जाने वाले मार्ग पर ग्राम कोसम्बुड़ा के पास दुल्ला मंडी से धान भर कर राजिम राईस मिल जाने के लिए निकली थी तभी ग्राम कोसमबुड़ा के पास सड़क को लेकर आगे सड़क पर मोटरसाइकिल टीवीएस एक्सएल को चढ़ा रहे थे तभी गाड़ी स्लिप हो गई और मोटरसाइकिल के पीछे बैठी महिला ट्रक के आगे चक्के के नीचे आई थी जिस महिला का सर बुरी तरह कुचल गया था जिससे महिला की घटनास्थल पर भी मौत हो गई थी।

वही इस पर भाजपा नेता इमरान अली ने कहा कि :- पीडब्ल्यूडी की गलतियों का खामियाजा आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है छुरा से कोमखान का सड़क के शोल्डर हीं गायब है जिसकी वजह से आए दिन बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है हाल ही में साइड शोल्डर की वजह से एक औरत मौत भी हो गई थी पी डबलू डी के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बाद भी साइड शोल्डर के गड्ढे नहीं भर पा रहे हैं आए दिन गरियाबंद से छुरा से कोमखान मार्ग बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है।

भारी वाहन चालक साइड पट्टी के गड्डो के कारण अपनी वाहन निचे नहीं उतारते जिसके कारण छोटे वाहन चालक को अपनी गाडी निचे उतारकर सड़क पर चढ़ाना पड़ता है और यही गड्डे लोगो कि मौत का कारण बन रहा है ऐसा नहीं है कि सड़क पट्टी पर गड्डो कि जानकारी लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो को नहीं है इससे पहले भी नवभारत ने गरियाबंद से ओड़िसा सीमा तक सड़क के किनारो कि साइड पट्टी के कारण आये दिन हो रहे दुर्घटना का समाचार प्रमुखता से उठाने के साथ क्षेत्र के विधायक सासंद के साथ जिले के आलाअधिकारियो इस विकराल समस्या से अवगत कराया था जिसके बाद पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल वर्तमान महासमुंद सासंद चुन्नीलाल साहू जी को अवगत कराया था विधायक और सासंद के लोकनिर्माण के अधिकारियो को अवगत कराने के बाद जिले के लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियो ने थूक पालिस कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जिसका खामियाजा आज क्षेत्र कि जनता भुगत रही है, आज भी छुरा से गरियाबंद तक सफर करना दोपहिया वाहन चालको से साथ छोटे चार पहिया वाहन चालको के लीये यमराज बना हुआ है, जिसमे रोज दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे है, छेत्रवासियों ने वर्तमान विधायक रोहित साहू से मांग कि है कि तत्काल सड़क के साइड पट्टी पर विभाग को बोलकर मुरुम डलवाये साथ ही छुरा से गरियाबंद जिला मुख्यालय तक सिंगल सड़क का चौडीकरण ताकि क्षेत्रवासी सरल और सहजता के साथ सड़क पर सफर कर सके,


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)
(जल जीवन मिशन)

''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना''

(निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। निविदाएं **मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तो के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएं साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तो के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तो के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा।** जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्राम | कॉल | कार्य की लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 838/20.01.2024 | **151929** | Bhairamgarh | BADE ALWDADA | 8th call | 6.12 | 5000/- |
| 2 | 839/20.01.2024 | **151930** | Bhairamgarh | TADWADA | 7th call | 7.89 | 5918/- |
| 3 | 840/20.01.2024 | **151931** | Bhairamgarh | HINGMETA | 6th call | 19.93 | 14948/- |
| 4 | 841/20.01.2024 | **151932** | Bhairamgarh | ADWADA (G.P. biriyabhumi) | 7th call | 12.11 | 9083/- |
| 5 | 842/20.01.2024 | **151933** | Bijapur | DUMIRPALNAR | 6th call | 17.61 | 13208/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की अंतिम दिनांक (Bid due date) **23.02.2024** आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid Start date) **22.01.2024** से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-07330/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

## एक नजर

### जिला सलाहकार समिति सदस्य बने अमित चौधरी

**रायपुर, 30 जनवरी।** भारत सरकार के केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर द्वारा युवा सामाजिक कार्यक्रता अमित चौधरी को नेहरू युवा केन्द्र संगठन (स्वायत्तशासी संस्था युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) में जिला सलाहकार समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय युवा मामले और खेलमंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा. युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।



### अवंती विहार व्यापारी संघ ने किया ध्वजारोहण

**रायपुर, 30 जनवरी।** अवंती विहार व्यापारी संघ द्वारा आज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अटल चौक पर संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार राठी ने कहा की हमारा देश 15 अगस्त 47 को आजाद हुआ लेकिन देश का संविधान 26 जनवरी 50 को लागू हुआ तब से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस गणतंत्र के कारण ही हमारे को देश में किसी भी जगह पर निवास करने एवं व्यापार करने का अधिकार मिलने के साथ-साथ अभिव्यक्ति की आजादी भी मिली है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक अशोक गुप्ता महामंत्री किशोर नायक अखिल चटर्जी विकास मिश्रा अजय पानीकर गोविंद शर्मा राजकुमार गंगवानी राजेश सेन राहुल ठेठवार हरीश लोकवाणी शेखर शर्मा संतोष गुप्ता इंद्रपाल तोमर, ,प्रकाश अग्रवाल , नुरेंद्र साहू उपस्थित रहे ,इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को बूंदी सेव का प्रसाद भी वितरित किया गया।



### जैतूसाव मठ में बापू को श्रद्धांजलि



**रायपुर, 30 जनवरी।** 30 जनवरी शहर के पुरानी बस्ती में स्थित जैतूसाव मठ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 74वीं पुण्यतिथि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के जरिए श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजनों का वाचन किया गया श्रद्धांजलि सभा में विशेष रूप से पूर्व ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा डॉक्टर महंत रामसुंदर दास अजय तिवारी महेंद्र अग्रवाल सुरेश शुक्ला प्रोफेसर उज्जवल ठाकुर कमलोचन साहू सहित कई वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे भारत स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं एवं भातखंडे ललित कला संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बापू के प्रिय भजन की प्रस्तुति दी वही श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रपिता के सम्मान में मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### निधन

#### ओमप्रकाश मिश्रा



**रायपुर।** कोटा निवासी अधिवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा (ग्राम ढौर पाटन वाले) का आज 30 जनवरी को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 31 जनवरी को सुबह दस बजे कोटा स्थित निवास से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नेहा, तनु व हीना के पिता थे।

# आम बजट में नगद लेन-देन की सीमा बढ़ाने की मांग

## चेम्बर ने दिया वित्त मंत्री को सुझाव

**■ महिलाओं को दलहन तिलहन, खाद्य तेलों व मसालों में राहत की आशा**

■ मुख्य नगरसंवाददाता

**रायपुर, 30 जनवरी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आगामी 1 अप्रैल को पेश किए जाने वाले बजट के लिए व्यापारियों ने आयकर को लेकर सुझाव दिया है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी ने केंद्रीय वित्त मंत्री को सुझाव दिया है कि नगद लेन-देन की सीमा बढ़ाई जाए। वरिष्ठ नागरिकों एवं आयकर का स्लैब बढ़ाया जाए। लोन डिपॉजिट के लेन-देन की सीमा जो कि मात्र 20 हजार है उसे बढ़ाकर 2 लाख किया जाना चाहिए। धारा 40ए के तहत नगद भुगतान की सीमा जो कि वर्तमान में 10 हजार है उसे दो लाख तक होना चाहिए। मशीनरी, दोपहिया वाहन, चारपहिया एवं स्थायी सम्पत्ति (10 हजार से अधिक) नगद में खरीदने के लिए डेप्रिसिएशन नहीं मिलता है इसकी सीमा दो लाख की जानी चाहिए। आम बजट को लेकर गृहणियों में भी काफी उत्सुकता है। गृहणियां वर्तमान में दलहन, तिलहन, खाद्य तेल सहित गरम मसालों में छूट चाहतीं हैं। बढ़ती महंगाई से बजट प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने मोदी की गारंटी को भी पूरा करने की मांग की है।

#### बजट में सीनियर सिटीजन की अपेक्षाएं

वरिष्ठ नागरिकों को आशा है कि बजट में ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी। जिसे वर्तमान स्लैब से बढ़ाकर 2 प्रतिशत बढ़ाया जाए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए पोस्ट ऑफिस में सावधि राशि की जमा को भी बढ़ाया जाना चाहिए। महिलाओं को रजिस्ट्री में छूट दिए जाने की मांग भी की जा रही है। राज्य में राजनीतिक दलों की भी भारी अपेक्षाएं हैं। भाजपा के नेताओं के अनुसार मोदी की गारंटी की पूरा किया जाएगा जिसमें महिलाओं एवं अन्य वर्गों के लिए किए गए वायदों को पूरा किया जाएगा।

#### रेलवे सेवाओं का विस्तार

मोदी सरकार में आम बजट के साथ ही अब रेल बजट भी प्रस्तुत कर दिया जाता है। छग में रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई है। गुजरात, राजस्थान एवं अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग लोगों ने की है। चार्टर्ड एकाउंटेंट वर्ग का कहना है कि आयकर की वर्तमान सीमा बढ़ाई जानी चाहिए। चेम्बर के अनुसार जीएसटी का सरलीकरण किया जाना चाहिए तथ रिफंड भी तत्काल होना चाहिए चूंकि जीएसटी के सरलीकरण एवं छूट के लिए एक काउंसिल गठित की गई है वह इसका निर्णय लेती है। बजट में आम एवं मध्यम वर्ग के लोगों को भी राहत मिलने की संभावना है।

# मांगों को लेकर सीएम से मिला फेडरेशन



**रायपुर, 30 जनवरी।** छ्त्तीसगढ़ कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन के नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की है। कल देर रात हुई इस मुलाकात के दौरान फेडरेशन के नेताओं ने महंगई भत्ता (डीए) में बढ़ोतरी सहित अन्य मांगों पर सीएम से चर्चा की।

इस दौरान फेडरेशन ने संगठन के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया। यह सम्मेलन सरगुजा में होगा। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने सम्मेलन में शामिल होने की सहमति दी है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, सचिव राजेश चटर्जी, युद्धेश्वर सिंह ठाकुर, प्रवक्ता जी आर चंद्रा और चंद्रशेखर तिवारी ने जानकारी दिया कि कर्मचारियों के मुद्दों पर फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर नीतिगत पक्ष रखा है। उन्होंने बताया कि भाजपा के घोषणापत्र समिति के संयोजक विजय बघेल सांसद दुर्ग से मिलकर कर्मचारी जगत के अपेक्षित मुद्दों का ज्ञापन फेडरेशन ने दिया था। जिनमें से मोदी की गारंटी प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे में शामिल किया गया था। फेडरेशन ने कर्मचारी जगत के लिये मोदी की गारंटी लागू करने का मांग किया है।

# बजट सत्र : भाजपा विधायक दल की बैठक होगी अगले सप्ताह

## सरकार को घेरने कांग्रेस बना रही रणनीति

■ मुख्य नगरसंवाददाता

**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के लिए अब भाजपा और कांग्रेस विधायक दल की बैठक अगले सप्ताह बुलाई जाएगी। बैठक में भाजपा जहां अपने चुनावी संकल्पों को पूरा करने के लिए बजट पेश करेगी वहीं अनेक मुद्दों को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरने का प्रयास करेगी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह सत्र काफी हंगामेदार होगा।

संसदीय कार्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक तीन फरवरी को बुलाए जाने पर विचार चल रहा है। बैठक में चुनाव जीतने के बाद भाजपा के घोषणा पत्र को अमल में लाने बजट में प्रावधान किए जाएंगे। इसमें मोदी की गारंटी एवं प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए की दर से खरीदने के लिए बजट में प्रावधान किया जा रहा है। महतारी वंदन, उज्जवला गैस सहित छात्रों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को बजट में रखा जाएगा। सरकार की तरफ से बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत एवं अन्य प्रभावशाली वक्ता बोलेंगे।

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत विधायकों की बैठक लेने पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। यह बैठक एक निजी होटल में बुलाए जाने पर विचार किया जा रहा है। चूंकि पांच फरवरी से सत्र शुरू होगा इसलिए यह बैठक पांच फरवरी को ही बुलाई जा सकती है। सरकार के विभिन्न अनुदान मांगों पर उमेश पटेल, भूपेश बघेल, संगीता सिन्हा सहित अन्य विधायक सरकार को घेरेंगे। संसदीय कार्यमंत्री के अनुसार पहले दिन दो सत्रों की अवधि के बीच मृतक सदस्यों को श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा। सदन चलाने के लिए मंत्रणा समिति की बैठक होगी। ज्ञात रहे बजट सत्र पांच फरवरी से शुरू हो रहा है। इसमें वर्ष 2024 का बजट पटल पर रखा जाएगा।

# साइंस कॉलेज के पुराने छात्रों की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**रायपुर, 30 जनवरी।** साइंस कॉलेज, रायपुर के एलुमनी संगठन का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष अंजय शुक्ला के नेतृत्व में आज शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से सौजन्य मुलाकात कर साइंस कॉलेज के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बनाए जा रहे हीरक जयंती वर्ष कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए माननीय राष्ट्रपति महोदया को महाविद्यालय में आमंत्रित किए जाने हेतु, संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने का निवेदन भी किया गया। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मढ़रिया, प्रो गिरीश कांत पांडेय एवं प्रभारी अधिकारी डॉ एन बी सिंह शामिल रहे।

### भारत का पहला इको फ्रेंडली स्कूल बैग

**रायपुर, 30 जनवरी।** वीआईपी इंडस्ट्रीज के पूर्व एमडी सुदीप घोष के प्रमुख डी2सी स्टार्टअप एसफेर एक्सेसरीज द्वारा चलाई जा रही अपरकेस ने भारत के पहले सस्टेनेबल स्कूल बैग के साथ स्कूल बैग कैटेगरी में प्रवेश किया है। प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल और कॉलेज की जरूरतों के लिए डिज़ाइन किए गए 27 एसकेयू के साथ, यह नई रेंज 360 डिग्री ट्रैवल गियर ब्रांड के रूप में अपरकेस की उपस्थिति को दर्शाती है। यह आज के उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है जो स्टाइल और हमारी पृथ्वी के बेहतर भविष्य दोनों को महत्व देते हैं, यह नया एडिशन फैशन, फंक्शनिलिटी और सस्टेनेबिलिटी तीनों का मिश्रण है।

## 16 फरवरी को 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण बंद' का आह्वान

**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े संगठनों ने मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर 16 फरवरी को 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण बंद' का आह्वान किया है। संयुक्त मोर्चा ने इसी दिन ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के देशव्यापी आह्वान पर होने वाली मजदूरों और कर्मचारियों की हड़ताल का भी समर्थन करने का निर्णय लिया है।

संयुक्त किसान मोर्चा की समन्वय समिति की बैठक के बाद आज यहां जारी एक बयान में मोर्चा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण बंद का आयोजन फसलों के सी-2 लागत का डेढ़ गुना लाभकारी समर्थन मूल्य देने, सभी गरीब किसानों को बैंकिंग और साहूकारी कर्ज से मुक्त करने, बिजली क्षेत्र के निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने की परियोजना पर रोक लगाने जैसे अखिल भारतीय मुद्दों के साथ ही प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर रोक लगाने, हसदेव के जंगलों का विनाश रोकने, बस्तर में आदिवासियों पर हो रही राज्य प्रायोजित हिंसा पर रोक लगाने, एसईसीएल सहित अन्य उद्योगों में अधिग्रहण प्रभावित लोगों को नौकरी देने तथा मानवीय सुविधाओं के साथ भूविस्थापितों का पुनर्वास करने, मनरेगा, पेसा और वनाधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन करने जैसे राज्य स्तरीय मुद्दे और जन समुदाय की स्थानीय मांगों को केंद्र में रखकर किया जाएगा।

## कलेक्टर व निगम आयुक्त ने किया हॉस्टल का निरीक्षण

**रायपुर, 30 जनवरी।** जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित नगर पालिक निगम जोन नम्बर 9 के क्षेत्र फुण्डहर में निवासरत छात्राओं के हॉस्टल नवगुरुकुल परिसर की प्रशासनिक व्यवस्था का अवलोकन कर निवासरत छात्राओं से चर्चा कर हॉस्टल की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली. साथ ही रायपुर जिला कलेक्टर ने निगम आयुक्त सहित नवगुरुकुल में निवासरत छात्राओं को प्रतिदिन सुबह दिये जाने वाले नाश्ते का स्वाद चखा एवं नाश्ते की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।


रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने नवगुरुकुल परिसर में निवासरत छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत बनाने सिक्योरिटी सिस्टम , सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम की मॉनिटरिंग सतत सचेत एवं जागरूक रहकर किया जाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश सम्बंधित जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय को दिये हैं।


इसके साथ ही नवगुरुकुल परिसर में व्यवहारिक आवश्यकतानुसार सभी व्यवस्थायें आंकलन करके शीघ्र देने के निर्देश दिये गये हैं.रायपुर जिला कलेक्टर एवं निगम आयुक्त के निरीक्षण के दौरान नगर निगम जोन 9 कार्यपालन अभियन्ता के. के. शर्मा, सहायक अभियन्ता श्री अंशुल शर्मा सहित जोन क्रमांक 9 के अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राजधानी में मेडिकल उपकरणों का बैंक




**रायपुर, 30 जनवरी।** राजधानी के तात्यापारा स्थित मधुमणि सेवा सदन से जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था द्वारा एक ऐसा अनूठा चिकित्सा उपकरण बैंक संचालित किया जा रहा है जिसमे दुर्घटना में घायल, निःशक्त बुजुर्गों एवम अन्य जरूरतमंद को उनकी मांग पर त्वरित सहायता करते हुवे चिकित्सा उपकरण महीने भर के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। बहुत ही कम समय में बड़ी संख्या में इस योजना से शहरवासी लाभान्वित हुवे हैं। संस्था के संरक्षक अजय शर्मा ने बताया कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा द्वारा संचालित चिकित्सा उपकरण बैंक मानव सेवा की एक ऐसी अनूठी मिसाल है जहां हर जाति धर्म के लोग आकर अपनी जरूरत अनुसार चिकित्सा उपकरण सामग्री ले जाकर लाभान्वित हो रहे हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख व ईसाई सभी समुदाय के लोगों तक हमारी यह योजना पहुंच चुकी है। संस्था के सदस्यों व जनसहयोग से यह उपकरण बैंक पिछले चार माह से निरंतर कार्य कर रही है। इसकी बैंक की खूबी यह है कि जहां एक ओर जरूरतमंद लोग आकर उपकरण ले जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर समाज के अन्य सेवा भावी लोग स्वेक्षा से अपने अपने घर में रखे नए पुराने उपकरण भी जमा करके या डोनेट करके जा रहे हैं। जिसे समाज के प्रबुद्ध लोगों या दानदाताओं के हाथों ही वितरित करवाए जाते हैं ताकि विश्वसनीयता व इस योजना की सार्थकता बनी रहे।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26